हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 33.9 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री


12 41 करोड़ से जल तिराहा से मिनीमाता चौक तक होगा सड़क चौड़ीकरण





13 सचिव का विरोध, पदभार नहीं देने मांग उठाई पंचायत प्रतिनिधियों ने






## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात युवक की लाश

**भिलाई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली है। युवक का सिर धड़ से अलग था। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया है। जानकारी के अनुसार युवक का उम्र करीब 30 साल है। मृतक ने नीले और सफेद रंग की जींस तथा कत्थई रंग की फुल शर्ट पहन रखी थी। युवक के बाल छोटे-छोटे हैं और उसकी लंबाई लगभग 5 फीट 3 इंच बताई जा रही है। जीआरपी चौकी के अनुसार युवक के पास रायपुर से डोंगरगढ़ तक का यात्रा टिकट मिला है। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी है।

### सड़क बाधा करने वालों पर लगा जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत सड़क बाधा कर व्यापार करने वालो पर निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। सड़क बाधा करने से नागरिकों को आवागमन में बहुत परेशानी होती है । निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सड़को से अवैध संचालित दुकानों को हटाया गया। जोन-1 वार्ड क्रमांक-10 लक्ष्मी नगर एवं वार्ड क्रमांक-17 नेहरू नगर भवन के पास प्रतिष्ठान में प्रतिबंधित सिंगलयूज प्लास्टिक तथा सड़क बाधा पाये जाने पर चालानी कार्यवाही किया गया है। अशोक फल ठेला, कृष्णा फल ठेला, राजेंदर चौहान गन्ना जूस सेंटर, अंजली चौहान गन्ना जूस, भारत प्लास्टिक, अजय प्लास्टिक, राजेश साव से कुल 2300 रुपए का जुर्माना लगाते हुए भविष्य में इस तरह का समझाइस दिया गया है। इसी प्रकार जोन-3 अंतर्गत, सड़क बाधा कर व्यापार करने वाले 14 वेंडरों से कुल 6900 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई है। मौके पर सभी दुकानों को हटवाया गया है, जिससे आवागमन सुगम हो और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बता दें कि लोगों के द्वारा इसे लेकर शिकायत की जा रही है। शिकायत के आधार पर ही ननि भिलाई ने अभियान शुरू किया है। आगामी दिनों में और भी प्रमुख सड़कों के आसपास कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूलों में तंत्र-मंत्र को लेकर दहशत, बोरसी के बाद केलाबाड़ी में घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अवकाश के दिनो में शासकीय स्कूल में चोरी की कई वारदातें तो घटती रहती हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से स्कूलों में तंत्र-मंत्र की घटनाएं घट रही हैं। इससे न सिर्फ स्कूल के बच्चे बल्कि टीचर भी दहशत में हैं। पिछले 6 महीने में दुर्ग जिले में इस तरह की दो अलग अलग घटनाएं घट चुकी हैं। इसमें बोरसी शासकीय स्कूल में कोयल की बलि देकर प्रिंसिपल कक्ष के सामने फेंक दिया गया था। वहीं बीते 15 फरवरी व महाशिवरात्रि के दिन केलाबाड़ी शासकीय स्कूल में स्कूल का दरवाजा तोड़कर अंदर तंत्र-मंत्र की क्रिया को अंजाम दिया गया है। स्कूल जाकर पता किया गया तो वहां के प्रधान पाठक ने बताया कि हमेशा की तरह शनिवार को स्कूल बंद होने के बाद ताला लगाकर सभी स्टॉफ अपने घर चले गए थे। अगले दिन रविवार और महाशिवरात्रि की छुट्टी थी। सोमवार सुबह जब स्कूल के टीचर वहां पहुंचे तो देखा कि हेड मास्टर के कक्ष के सामने तंत्र मंत्र करने जैसी क्रिया की गई थी। कुछ आकृतियां भी स्कूल की सीढ़ियों में बनाई गई थीं। कई जगह की आकृतियों को वहां की महिला सफाई कर्मी ने धुल दिया था, लेकिन हेड मास्टर ने उसे बीच में रोका और मामले की जानकारी पद्मनाभपुर थाने में दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद 18 फरवरी को मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**बोरसी शासकीय स्कूल में कोयल की दी गई बलि वहीं दुर्ग के स्कूल में तंत्र मंत्र कर बनाई गई आकृति पुलिस जांच में जुटी**





### जानिए, कोयल की बलि देने का मामला

दुर्ग जिले के बोरसी स्थित शासकीय स्कूल में 5 सितंबर 2025 को कोयल की बलि देने का मामला घटित हो चुका है। कुछ अराजक तत्वों ने एक कोयल को मारकर स्कूल के प्रिंसिपल कार्यालय के सामने फेंका था। वहां सिंदूर, कटा नींबू और तंत्र-मंत्र से जुड़ी चीजें भी पड़ी पाई गईं। सुबह जब स्कूल का स्टॉफ पहुंचा और यह देखा तो उन्होंने मामले की शिकायत संबंधित थाने में की। इस मामले का आरोपी अब तक नहीं पकड़ा गया है।

### स्कूल में तोड़फोड़ कर जलाए दस्तावेज व किताबें

इस घटना में अराजकतत्वों ने स्कूल का गेट तोड़ा और अंदर जाकर न सिर्फ तंत्र-मंत्र किया, बल्कि अंदर रखे दस्तावेज और किताबों में आग लगा दिया। स्कूल के अंदर से धुंआ निकलता देख कुछ लोगों ने भी स्कूल के स्टॉफ को खबर की है। मामले की जानकारी डीईओ दुर्ग को भी दी गई है। सूचना के बाद शिक्षा विभाग ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस भी पतासाजी कर रही है।

**सीजी बोर्ड** परीक्षा के पहले समस्या के निदान के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

# बारहवीं की परीक्षा आज से, 135 केंद्रों में देंगे 13563 विद्यार्थी परीक्षा, नकलची के लिए सात उड़नदस्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीजी बारहवीं बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो रही है। जिला शिक्षा विभाग ने गुरुवार को परीक्षा केंद्रों में तैयारी करवाई। जिले के 135 परीक्षा केंद्रों में 13563 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

केंद्रों की साफ-सफाई करवाई गई। रोल नंबर लिखे गए। एक डेस्क व बैंच में केवल दो विद्यार्थी ही परीक्षा देने बैंठ सकेंगे। बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था परीक्षा केंद्रों में करवाई गई है। परीक्षा के पहले किसी तरह की समस्या आती है तो उसके निदान के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।



परीक्षा की तैयारी को लेकर केंद्रों में प्राध्यापक लिख रहे टेबल पर रोल नंबर।

### 27 स्ट्रांग रूम से केंद्रों में 30 मिनट पहले आएगा प्रश्नपत्र

जिले के 27 थानों में बोर्ड के प्रश्नपत्र स्ट्रांग रूम में रखवाए गए हैं। परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू होगी। दोपहर 12.15 मिनट तक लिखने का समय रहेगा। पहला प्रश्न पत्र भूगोल, भौतक शास्त्र व शारीरिक शिक्षा का इतिहास का रहेगा। इसलिए थाने से परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले सीलबंद प्रश्नपत्र का पैकेट परीक्षा केंद्रों में लाया जाएगा। यहां सुबह 8.50 मिनट पर दो विद्यार्थियों व एक पर्यवेक्षक की मौजूदगी में सीलबंद पैकेट खोले जाएंगे। उसके बाद परीक्षा कक्ष में वितरण के लिए दिया जाएगा। प्रश्नपत्र पूरे हैं कि नहीं इसकी गिनती कक्ष के विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से पर्यवेक्षक करेंगे। कमी आई तो उसकी सूचना केंद्राध्यक्षों को देना है। केंद्राध्यक्ष इसकी जानकारी जिला कंट्रोल रूम में देगा। प्रश्नपत्र वितरण सुबह 9.5 मिनट में करना है। सुबह 9.15 बजे लेखन कार्य परीक्षार्थी करेंगे।

### प्रवेश से पहले सुरक्षा गार्ड की मौजूदगी में जांच

परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों को निर्धारित समय से पहले पहुंचना है। प्रवेश द्वार पर सुरक्षा गार्ड की मौजूदगी में प्रवेशपत्रों की जांच की जाएगी। किसी तरह की आपत्तिजनक चीजें ले जाने की मनाही है। स्कूल ड्रेस में ही विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटे बाद तक विद्यार्थियों को प्रवेश देना है।

### केवल इन चीजों को ही ले जा सकते हैं परीक्षार्थी

छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल ने बोर्ड के परीक्षार्थियों के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाली चीजों में छूट रखी है। यानी ये चीजें परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं। भूगोल, भौतिक शास्त्र तथा रसायन शास्त्र हेतु स्टेन्सिल ले आने की अनुमति दी गई है। परीक्षार्थी द्वारा मांग करने पर लॉन्ग टेबल परीक्षा केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। किसी भी प्रकार के कैल्कुलेटर का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। केवल लेखाशास्त्र परीक्षार्थी हेतु लाल पेन की अनुमति दी जाएगी।

**तीनों ब्लॉकों में परीक्षा केंद्रों व परीक्षार्थियों की संख्या**

| ब्लॉक | केंद्र | परीक्षार्थी |
|---|---|---|
| दुर्ग | 68 | 8114 |
| पाटन | 36 | 2923 |
| धमधा | 31 | 2526 |
| कुल | 135 | 13563 |

### नकलची विद्यार्थियों पर रहेगी सात उड़नदस्ते की नजर

बोर्ड परीक्षा में नकलची विद्यार्थियों पर उड़न दस्ते की नजर रहेगी। इसके लिए जिले में छह उड़नदस्ते का गठन किया गया है। जिला स्तरीय चार दल और ब्लॉक स्तरीय तीन दल बनाए गए हैं। जिला स्तर में डीईओ अरविंद कुमार मिश्रा का पहला दल परीक्षा केंद्रों में दबिश देगा। दूसरा जिला स्तरीय टीम में सहायक संचालक सीमा नायक के नेतृत्व में परीक्षा केंद्रों में पहुंचेगा। तीसरा दल जिला नोडल अधिकारी पुष्पा पुरूषोत्तमन और चौथा दल क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकील की अगुवाई में आकस्मिक निरीक्षण करेगा। ब्लॉक स्तर पर तीन दल बने हैं। दुर्ग ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, पाटन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डीके देवांगन और धमधा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अथर्व शर्मा के नेतृत्व में टीम निरीक्षण के लिए पहुंचेगी।

### परीक्षा केंद्रों में कर ली है पूरी तैयारी

जिले में इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए 135 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षार्थी के बीच की दूरी , पेयजल, बिजली ,पंखे, कुर्सी-टेबल, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था करवाई गई। नकलची छात्रों पर नजर रखने उड़न दस्ते भी गठित किए गए हैं।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

# नहीं होगी संजय नगर मैदान की नीलामी, कमिश्नर ने किया प्रक्रिया को स्थगित

**विधायक ने दी एक करोड़ रुपए की स्वीकृति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



संजय नगर तालाब के पास स्थित खेल मैदान को नीलाम करने की प्रक्रिया को भिलाई नगर निगम के कमिश्नर ने स्थगित कर दिया। इससे पहले भिलाई के महापौर नीरज पाल ने महापौर परिषद और एमआईसी में इस जमीन को नीलाम करने का प्रस्ताव लाया था। जैसे ही इसकी जानकारी निगम के भाजपा और निर्दलीय पार्षदों को हुई उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया।

इसके विरोध में 5 पांच निर्दलीय पार्षद लामबंद हुए। उन्होंने संजय नगर मैदान बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले इसका विरोध शुरू किया। इसके विरोध में निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा और दुर्ग सांसद के प्रतिनिधि प्रमोद सिंह भी खुलकर उतरे। इसके लिए उग्र आंदोलन की तैयारी की गई और संजय नगर में एक बड़ी बैठक बुलाई गई। बैठक में निर्दलीय पार्षद हरिओम तिवारी, पार्षद रविशंकर कुर्रे , पार्षद रानू राजू साहू , पार्षद राजा बंजारे सहित अन्य ने संजय नगर के निवासियों के साथ विरोध किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने भी मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन विभाग को अवगत कराया, की इस नीलामी की प्रक्रिया को रोका जाए। सांसद प्रतिनिधि ने भी भाजपा के आला नेताओं का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इसके बाद वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने निगम कमिश्नर को निर्देश दिया को वो इस प्रक्रिया को तत्काल रोकें। भारी दबाव के बाद कमिश्नर ने इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है। इकलौते संजय नगर ग्राउंड को नीलाम होने से रोकने के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन निगम कमिश्नर से उनके कार्यालय में मिलने पहुंचे। उन्होंने आयुक्त को उनके इस फैसले को निरस्त करने को कहा। कमिश्नर राजीव पांडेय ने मैदान की नीलामी की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। इसके बाद विधायक ने उक्त मैदान के कायाकल्प और खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की है। विधायक सेन ने बताया कि संजय नगर के युवाओं ने उनसे गुहार लगाई कि संजय नगर खेल मैदान की निलामी को रोका जाए।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो, नजरूल खान गिरफ्तार

**छावनी थाने में दो पक्षों में जमकर हुआ विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले के मामले में छावनी थाना पुलिस ने धारा 299 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।



जानकारी के अनुसार पालक संघ के पूर्व अध्यक्ष नजरूल खान द्वारा सोशल मीडिया पर भगवा आतंकवादी लिखते हुए एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया था। इसकी जानकारी लगते ही हिन्दू संगठन से जुड़े लोगों ने विरोध करते हुए छावनी थाने का घेराव कर उसकी गिरफ्तार की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसे लेकर थाने में दो पक्षों के बीच जकर विवाद हुआ।

### देवबलोदा की घटना के बाद डाला गया वीडियो

जानकारी के मुताबिक महाशिवरात्रि के दिन भिलाई-3 क्षेत्र अंतर्गत देवबलोदा में बड़े मेले का आयोजन हुआ था। इस मेले में भाईजान चाट भंडार का संचालक हिन्दू नाम से चाट दुकान चला रहा था। छत्तीसगढ़ बजरंग दल के लोगों को इसकी शिकायत मिली तो उन्होंने वहां जमकर बवाल किया। इसके बाद पुरानी भिलाई पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी ठेला संचालक के खिलाफ कार्रवाई की। इस घटना के बाद विशेष समुदाय में रोष पनपा और इस तरह वीडियो नजरूल खान के द्वारा डाला गया।

# शादी का प्रलोभन देकर युवती से अनाचार, 10 साल का कारावास

**दुर्ग।** शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाले को न्यायालय से 10 साल कैद की सजा सुनाई। साथ में 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। घटना भिलाई-तीन थाना क्षेत्र की है। प्रकरण के मुताबिक घटना 18 नवंबर 22 से 23 नवंबर 2023 के बीच है। आरोपी सेजा खरोरा रायपुर निवासी सेवाराम पिता इतवारी राम मिर्झा (31 वर्ष) ने जून 2022 में पहले सोशल मीडिया के जरिए युवती से पहचान बढ़ाई। इसके बाद शादी के लिए लड़की तलाशने की बात कहकर संपर्क बढ़ाया। शादी का प्रलोभन देकर अनाचार किया। इसके बाद किसी अन्य लड़की से सगाई कर ली। युवती को जब इस बारे में जानकारी हुई तो उसने थाने में मामले की शिकायत की। भिलाई-तीन पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी संजय कुमार सिंह ने की।

# बहन की शादी के एक दिन पहले ही भाई की सड़क हादसे में मौत, मातम में बदली खुशियां

**मामला धमधा थाना क्षेत्र का**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धमधा थाना क्षेत्र में बहन की शादी के एक दिन पहले ही सड़क हादसे में एक भाई की मौत हो गई। वहीं दूसरा भाई घायल है। सूचना मिलते ही धमधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा फरार वाहन की तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि बहन की शादी के एक दिन पहले हुए इस हादसे के बाद परिवार सहित पूरे गांव में खुशियों का माहौल पल भर में ही मातम में बदल गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बरहापुर निवासी जगन्नाथ साहू और रोहित साहू



धमधा की ओर जा रहे थे। दोनों सगे भाई है। इसी दौरान खैरागढ़ मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को जोरदार ठोकर मार दी। इससे दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छोटे भाई रोहित साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं बड़े भाई जगन्नाथ साहू की हालत गंभीर होने के कारण उसे दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी को बरहापुर गांव में साहू समाज का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित है। इसी में बहन की भी शादी होनी थी। शादी की तैयारी में पूरा परिवार जुटा हुआ था।

**भिलाई निगम के आयुक्त ने शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र का किया निरीक्षण**

# जोन-4 के इंडोर स्टेडियम का होगा मेंटेनेंस, आयुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शहर के स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए इंडोर स्टेडियम, रिक्त भूखण्ड, आवास सहित उद्यान का निरीक्षण किया गया। उपस्थित अधिकारियों को संधारण एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने कहा गया है। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा जोन-4 इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया गया है। आयुक्त ने इंडोर स्टेडियम के संधारण कार्य को प्राक्कलन अनुसार शेष कार्य पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा को निर्देशित किए हैं। इंडोर स्टेडियम तैयार होने से खेल में रुचि रखने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं हुनर वाले खिलाड़ियों को विशेष सुविधा मिलेगी। निगम आयुक्त कुछ समय के लिए अन्य अधिकारियों के साथ बैडमिंटन खेले और बैडमिंटन खेलने के कुछ टिप्स भी दिए । सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कार्य के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें ।



### पिंक उद्यान का किया अवलोकन

आयुक्त पांडेय ने वार्ड क्रमांक 51 में नागरिकों की सुविधाओं के लिए उद्यान निर्मित है। आयुक्त ने पिंक उद्यान का अवलोकन करते हुए सिंचाई एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने कहा है। नेशनल हाईवे से लगे रिक्त भूखण्ड का अवलोकन किये, आगामी समय में नागरिको की आवश्यकता अनुसार सुविधाओं के विकास हेतु उपयोग पर चर्चा किया गया है। उन्होंने शिवाजी नगर में अटल आवास का निरीक्षण करते हुए कालोनी एवं आस-पास की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने कहा है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, बालकृष्ण नायडू आदि मौजूद थे।

### रिसाली महापौर विकास कार्यों को लेकर वार्डों में ले रही हैं फीडबैक

**भिलाई।** रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा विकास कार्य और व्यवस्थाओं का फीडबैक लेने वार्डो तक पहुंच रही है। अल सुबह वार्ड 15 मौहारी मरोदा पहुंची। रिसाली महापौर नागरिकों से बातचीत करते नाली पर हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देश दिए। मौहारी मरोदा क्षेत्र का भ्रमण करते महापौर और एमआईसी सद्स्यों ने साफ सफाई समेत व्यवस्थाओं पर नागरिकों से चर्चा की। उनका कहना था कि फीडबैक के आधार पर ही वे कार्य योजना तैयार कर विकास को गति देंगे। नागरिकों से मिले सुझाव को वे प्राथमिकता भी देंगे। इस दौरान उनकी नजर प्रजापति किराना स्टोर्स के पास नाली पर हुए अतिक्रमण पर टीकी। उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सद्स्य अनिल देशमुख, संजू नेताम समेत प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अमित चंद्राकर, राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी योगेश सुरे, जलकार्य विभाग के गोपाल सिन्हा आदि मौजूद थे।



**सफाई व्यवस्था पर दें ध्यान :** निरीक्षण के दौरान महापौर शशि सिन्हा सफाई व्यवस्था को भी देखी। उन्होंने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि जाम नाली की सफाई सबसे पहले काराएं। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कहीं गंदा पानी का जमावड़ा तो नहीं हो रहा है। इस दौरान नागरिकों ने कुछ खंभों में लाइट नहीं जलने की शिकायत की। नागरिकों का कहना था कि गली में अंधेरा रहता है। महापौर ने नागरिकों को खंभे पर लाइट लगवाए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने रास्ते के बीच लगे बिजली खंभा को हटाकर अन्य स्थान पर शिफ्ट कराने के निर्देश भी दिए।




# 15 दिन में नहीं मिली मजदूरी तो देना होगा 0.05% ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी 123 अमृत सरोवरों में जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पाटन के ग्राम छाटा में अमृत सरोवर स्थल पर विशेष जन चौपाल आयोजित किया गया। इस अवसर पर मजबूत कानून, सुरक्षित अधिकार के संदेश के साथ वीबीजी राम जी अधिनियम 2025 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। ग्रामीणों को अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा जनजागरूकता पंपलेट का वितरण किया गया। नागरिकों को उनके अधिकारों की जानकारी देने, जनजागरूकता बढ़ाने एवं शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। छाटा की सरपंच कमलेश चिलक ने कहा कि जन चौपाल एवं ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत अब 100 के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। साथ ही कार्य उपलब्ध न होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ते को अधिक सशक्त बनाया गया है।

**पाटन ब्लॉक के ग्राम छाटा में लगी अमृत सरोवर पर विशेष जन चौपाल**



### मजदूरी के भुगतान के विलंब पर नियमों के अनुसार मिलेगी क्षतिपूर्ति

तकनीकी सहायक श्री दुगेश (पाटन) ने जानकारी दी कि अधिनियम के तहत मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करना अनिवार्य किया गया है। यदि 15 दिवस के भीतर भुगतान नहीं किया जाता है, तो संबंधित मजदूर को 0.05 प्रतिशत अतिरिक्त राशि ब्याज के रूप में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में भुगतान में विलंब होने पर क्षतिपूर्ति का प्रावधान नहीं था, किंतु अब देरी की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। जन चौपाल में विकसित भारत जी राम जी एक्ट के अंतर्गत जल सुरक्षा, आजीविका संवर्धन, आपदा निवारण एवं ग्राम आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों के चयन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।



### महिलाओं को दी रोजगार पंजी, मजदूरी भुगतान प्रक्रिया की दी जानकारी

इस अवसर पर रोजगार मांग पंजीयन, मजदूरी भुगतान प्रक्रिया एवं अमृत सरोवर अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच उमा चेलक, सचिव रामेश्वरी साहू, रोजगार सहायक राजेन्द्र कुमार, पंचगण संतोष यादव, परमानंद चंदेल, प्रभाकर, मनोज कुमार वर्मा, आरती साहू, जमुना यादव, तिब्धि साहू, कल्याणी वर्मा, अल्पा चेलक, महेश साहू, कल्पना यादव, धार्मिक चक, बिरेन्द्र चेलक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सुमंत सारथी की जयंती पर 22 को होगा समारोह

**दुर्ग।** सूत सारथी समाज की बैठक सुमंत भवन सारथी मोहल्ला में हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूत सारथी समाज द्वारा 22 फरवरी को गुरुदेव सुमंत सारथी की जयंती पर समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुमंत भवन सारथी पारा आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार, एमआईसी मेंबर नरेन्द्र बंजारे, गोविंद देवांगन जी, शशि द्वारिका साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। 22 फरवरी को सुबह 9 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 11 बजे गुरुदेव सुमंत की पूजा अर्चना की जाएगी। दोपहर 12 बजे उपस्थित अतिथियों का उद्बोधन होगा। दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात में भंडारा और प्रसादी का कार्यक्रम होगा।

### साइबर फ्रॉड से बचने के लिए शिविर आज

**भिलाई।** सामाजिक संस्था दिशा ने क्राइम ब्रांच एवं साइबर विशेषज्ञ के सहयोग से साइबर क्राइम जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 20 फरवरी को किया है। हिन्दू मिलन मंदिर परिसर रिसाली में शाम 5 बजे से यह कार्यक्रम आयोजित है। एसएसपी विजय अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी में गड़बड़ी, संदिग्ध लिंक व फ्रॉड कॉल, बैंकिंग एवं डिजिटल पेमेंट से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी।

## पॉश अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभाग स्तरीय प्रशिक्षण

# दस से ज्यादा कर्मियों वाली संस्थाओं में महिलाओं की सुरक्षा के लिए समिति का गठन

**उल्लंघन पर 50 हजार का जुर्माना**

*कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बनाए गए कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 (पॉश एक्ट) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। लोक निर्माण विभाग के सभा कक्ष में आयोजित कार्यशाला में दुर्ग संभाग के सभी जिलों के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय एवं आंतरिक शिकायत समितियों के पदाधिकारी तथा संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के संचालक एसके चौबे ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि पॉश अधिनियम के अंतर्गत सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में प्रावधानों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी है।

उन्होंने अधिनियम के पारित होने के इतिहास एवं प्रावधानों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने शी-बाक्स पोर्टल पर सभी संस्थानों की ऑनबोर्डिंग तथा आंतरिक शिकायत समिति की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से कराने पर जोर दिया, ताकि महिलाओं की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष और सुरक्षित समाधान सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला के प्रारंभ में सभी प्रतिभागियों ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सम्मान को बनाये रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन प्रीतिबाला शर्मा, संरक्षण अधिकारी ने जबकि आभार प्रदर्शन अजय साहू जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने किया।

हरिभूमि सरोकार

### महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा आवश्यक

जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जांबुलकर ने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा का आधार है। इस अवसर पर उपस्थित बालोद के जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडे ने पॉश अधिनियम न केवल शिकायत निवारण का मंच प्रदान करता है, बल्कि संस्थानों में संवेदनशीलता, जवाबदेही की संस्कृति विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी विभागों से अधिनियम के प्रावधानों का नियमित अनुपालन करने और कर्मचारियों को जागरूक करने की अपील की। साथ ही नियमों की जानकारी दी।

**आंतरिक समिति का गठन नहीं हुआ तो सक्षम प्राधिकारी पर होगी कार्रवाई**



### पॉश एक्ट का उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर सरवत नकवी ने प्रतिभागियों को अधिनियम की प्रमुख धाराओं की व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पॉश अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत किसी भी शासकीय/अशासकीय संस्था में जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हों, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। समिति का गठन न होने की स्थिति में कार्यालय प्रमुख पर 50,000 तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने समिति की संरचना, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, समय-सीमा, गोपनीयता तथा पीड़िता के संरक्षण से जुड़े प्रावधानों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

### पोर्टल पर पंजीकरण, शिकायत अपलोड करने के बारे में बताया

द्वितीय सत्र में राज्य स्तरीय संसाधन केन्द्र, रायपुर के सहायक संचालक श्री अतुल दांडेकर ने शी-बाक्स पोर्टल के संचालन एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने पोर्टल पर पंजीकरण, शिकायत अपलोड करने की प्रक्रिया, प्रगति की ट्रैकिंग और रिपोर्टिंग से जुड़े फीचर्स का लाइव डेमो देते हुए बताया कि यह प्लेटफॉर्म शिकायतों के निस्तारण को समयबद्ध, पारदर्शी और मॉनिटर करने योग्य बनाता है।



# 41 करोड़ से जेल तिराहा से मिनीमाता चौक तक होगा सड़क चौड़ीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग शहर के भीतर दूसरा फोरलेन बनाने दुर्ग के जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के नागरिकों के जनसमूह की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज दुर्ग शहर के भीतर दूसरे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के जनसमूह के बीच यह महत्वपूर्ण कार्य शुरुआत की गई। 4073.10 लाख की लागत से मिनिमाता चौक से महाराजा चौक होते हुए जेल तिराहा ठगड़ा डैम तक लगभग 4.75 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क और साथ ही भविष्य और भी विकास कार्य को देखते हुए यूटिलिटी शिफ्टिंग (बिजली खम्भे, पेयजल पाइपलाइन को व्यवस्थित किया जाएगा ताकी भविष्य में विकास कार्य में बाधा न आए) का कार्य भी किया जाएगा। इस सड़क के बन जाने से शहर की बड़ी आबादी को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। लोगों को सुरक्षित, सुगम और तेज आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह सड़क दुर्ग शहर के यातायात तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने कहा की दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने आज दुर्ग शहर के भीतर दूसरे फोरलेन सड़क का भूमिपूजन किया गया। सबके साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार करते हुए डबल इंजन की सरकार में दुर्ग की सड़क को और सुगम बनाने की दिशा में

- **दुर्ग में दूसरा फोरलेन, मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग के जनप्रतिनिधियों के साथ किया भूमिपूजन**

जनसमूह के बीच भूमिपूजन किया गया। मिनिमाता चौक से महाराजा चौक होते हुए जेल तिराहा तक 2857.86 लाख की लागत से 4.75 किमी लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही जेल तिराहा ठगड़ा डेम से महाराजा चौक होते हुए मिनिमाता चौक तक 1215.24 लाख की लागत से 4.75 किमी क्षेत्र में यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य भी किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कमलेश फेकर, महेंद्र लोढ़ा, बंटी चौहान, मनमोहन शर्मा मौजूद थे।

## औद्योगिक नगर में बढ़ रही नशाखोरी पार्षदों ने एसएसपी से की शिकायत



**दुर्ग।** मोहन नगर थाना अंतर्गत शक्ति नगर, शांतिनगर, सि को ला भा ठा , सिकोला बस्ती, कैलाश नगर, उरला सहित अन्य वार्ड इन दिनों नशाखोरी का अड्डा बन गया है। इसकी वजह से लगातार आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं। इसे लेकर स्थानीय पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस समस्या को लेकर एसएसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात की। पार्षदों ने कहा कि वार्डों में सूखा नशा जैसे गांजा, नशीली दवाओं (गोली), अवैध शराब आदि की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है। स्कूल पढ़ने वाले कम उम्र के बच्चे भी इस प्रकार के नशे का शिकार हो रहे हैं। आए दिन सार्वजनिक स्थान जैसे चौक चौराहों पर छेड़खानी, लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौच आम बात हो गई है। शक्ति नगर तालाब के चारों तरफ शाम से रात्रि 2-3 बजे तक नशाखोर और जुआरियों का अड्डा बना हुआ है। ऐसा ही हाल कैलाशनगर एवं सिकोला बस्ती के तालाब पार की है। पुलिस की निष्क्रियता के कारण इन नशेड़ियों के हौसले बुलंद हैं। अपराध करने में तनिक भी नहीं घबराते हैं। हाल ही में शक्तिनगर, शांतिनगर क्षेत्र में लगातार हत्या की घटनाएं सामने आई। चौक-चौराहों में खुलेआम चाकू-छूरी लेकर चलना एवं नशाकर लड़ाई झगड़ा आम बात हो गई है। शिकायत करने वाले पार्षदों में एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, सुरूचि उमरे, युवराज कुंजाम, ललिता ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर सहित अन्य शामिल हैं।

# एनएसयूआई अध्यक्ष पर की गई कार्रवाई द्वेषपूर्ण गैर जमानती धारा लगाने का कांग्रेस ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष वरुण केवलतानी पर अनुचित और गैर जमानती धारा लगाकर अपराध दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। अनुचित धारा को हटाने की मांग की गई। एसएसपी विजय अग्रवाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। बाकलीवाल ने कहा कि सरकार की गलत एवं अवैधानिक नीतियों पर आवाज उठाने वाले कांग्रेसजनों पर झूठा आपराधिक मामला पंजीबद्ध कराया जा रहा है। छात्र नेता वरुण केवलतानी ने बिना हेलमेट वाहन चलाने एवं कानून मंत्री के तौर पर दिए गए हास्यस्पद बयान का विरोध किया था। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर पुलिस अधिकारी के सामने आकोश जाहिर किया था। इस पर पुलिस ने वरुण केवलतानी एवं उनके साथियों के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा का झूठा आधार बनाकर, अपराध पंजीबद्ध कर दिया है, जो अवैधानिक है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व महापौर आरएन वर्मा, अलताफ अहमद, दीपक दुबे, राजेश यादव, अनूप वर्मा, प्रवक्ता नासिर खोखर, प्रेमलता साहू, दीपक साहू, देवश्री साहू, आनंद ताम्रकार, मनीष बघेल, गुरदीप भाटिया, ओमप्रकाश जोशी, रत्ना नारमदेव, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, सुमित घोष, राजकुमार वर्मा, सन्नी साहू, विकास सापेकर, रवि कोशिया सहित अन्य शामिल थे।

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

### आरटीई के तहत नर्सरी, केजी-1 में प्रवेश बंद करना गलत : अय्यूब खान

**दुर्ग।** नर्सरी, केजी-2 और केजी-2 में आरटीई के तहत प्रवेश पर रोक लगाना लगता है। कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान ने बताया कि शासन का यह निर्णय दुर्भाग्यजन है। पहले बहुत से निजी स्कूल में नर्सरी, केजी-1 एवं केजी-2 कक्षाओं में बच्चों का प्रवेश दिया जाता था, जो अब बंद कर क्लास 1 से एडमिशन देने का निर्णय लिया गया है। ये निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं गरीब-मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। यह निर्णय शिक्षा के अधिकार की मूल भावना के विपरीत है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को समान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।


## M.G.M. Senior Secondary School

**WE ARE HIRING**

Applications are invited from eligible candidates for the following posts in MGM Senior Secondary School Sector 6 Bhilai.
Candidates who studied **in English medium** can only apply

| S. N. | Post | Subject | No. of Post | Qualification | Experience |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Counsellor | Psychology, Counselling Psychology, Child Development | 2 | MA in Child Phycology/ Diploma/Certificate in Guidance & Counselling | Min 5 years experience Counsellor in a reputed CBSE School |
| 2 | Post Graduate Teacher (PGT) | Physics | 1 | M.Sc. (Physics) B.Ed. | Min. 5 Years experience as PGT in a reputed CBSE School. |
| 3 | Post Graduate Teacher (PGT) | English | 1 | M.A, (English), B.Ed. | Min. 5 Years experience as PGT in a reputed CBSE School. |
| 4 | Post Graduate Teacher (PGT) | Yoga | 1 | Post Graduate in any subject with minimum 1 year Diploma / Degree in Yoga | Min 5 years experience as "Yoga Teacher from reputed CBSE School |
| 5 | Trained Graduate Teacher (TGT) | Mathematics | 1 | M.Sc. (Maths), B.Ed., CTET, D-El..ED Mandatory | Min 5 years experience as TGT in a reputed CBSE School |
| 6 | Primary Teacher (PRT) | Art & Craft | 1 | B. FA / M. FA CTET, D-El, Ed (Preference) | Min 3 years' experience as PRT from reputed CBSE School. |
| 7 | Primary Teacher (PRT) | English | 3 | B.A, M. A, B.Ed., CTET / TET; B.El. Ed/ D El. Ed | Min. 3 Years experience as PRT from reputed School. |
| 8 | Primary Teacher (PRT) | Mathematics | 1 | B.Sc., M.Sc., B.Ed., CTET / TET; B.El. Ed/ D El. Ed | Min. 3 Years experience as PRT from reputed School |
| 9 | Primary Teacher (PRT) | Hindi | 1 | B.A, MA, B.Ed., CTET / TET; B.El. Ed/ D El. Ed | Min. 3 Years experience as PRT from reputed School |
| 10 | Primary Teacher (PRT) | EVS | 1 | B.A, M. A/ B.Sc, M.Sc., B.Ed., CTET/TET; B.El. Ed/ D El. Ed | Min. 3 Years experience as PRT from reputed School |
| 11 | PTI (Contract) | PE Cricket & Volleyball Coach | 2 | B.P.Ed/M.P Ed with specialization in Volley Ball, Cricket, Martial Arts | Min. 3 Years experience as PTI from reputed CBSE School |
| 12 | Staff Nurse (Female) | | 1 | B.Sc. Nursing / General Nursing & Midwifery | Min 2 years experience in reputed hospital / school. |

Eligible & Interested candidates may submit their application in the prescribed form available on payment of **Rs. 500/- cash from PRO Office, MGM Sr. Sec. School, Sector-6** during office hours from 16.2.2026 -09:30 AM to 2:00 PM.
Full resume in the prescribed form along with self-attested copies of certificates and proof of experience and a passport size photograph affixed, in sealed envelope captioned "Application for the post of__________ addressed to Correspondent. For more detail contact **MGM Sr. Sec. School, Sector-6, Bhilai**
**Last date for Submission: - on or before 25/02/2026 at PRO Office.** **Suresh Jacob, Correspondent**

CREATIVE HUB ADVERTISING



धल्ले आवे नानका सद्दे उठि जाये
## अंतिम अरदास



**स्व. शमशेर सिंह जी**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे भाई शमशेर सिंह का आकस्मिक निधन दिनाँक 12/02/2026 दिन गुरूवार को हो गया है। अतः आप सभी अंतिम अरदास में उपस्थित होकर पवित्र आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

**कार्यक्रम**
आरंभ श्री अखंड पाठ, दिनांकः 19/02/2026 दिन-गुरूवार, सुबह 11:30 बजे से
समाप्ति श्री अखंड पाठ - दिनांकः 21/02/2026, दिन-शनिवार
गुरू का कीर्तन एवं लंगर -दोप.: 01:00 बजे से 05.00 बजे तक

स्थानः 42/डी, के.एल.सी., जोन-2, खुर्सीपार, भिलाई
शोकाकुल : सुरेन्दर कोर (माँ) एवं समस्त ढिल्लन परिवार
मो: 98931-46115, 96173-23555
नोट : जिन्हें सूचना न मिली हो कृपया इसे ही सूचना समझें।



**न्यायालय कलेक्टर एवं भाड़ा नियंत्रक, जिला दुर्ग**
## व्यक्तिगत उपस्थित समंस

प्रकरण क्रमांक 07/अ-90/वर्ष 2023-2024
**श्री.पी.एस.चौहान आ. धर्मसिंह चौहान, निवासी-स्मृति भवन निकट शहीद चौक स्टेशन रोड़, दुर्ग (छ.ग.).....आवेदक**
**प्रेषिती- यतीसपाल आ. श्री डी.पी.जाटव, किरायेदार स्मृतिभवन तृतीय तल, निकट शहीद चौक स्टेशन रोड़, दुर्ग (छ.ग.) निवासी-म.नं. 390 वार्ड नंबर-08, हरनाबाधा के पास, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.).....अनावेदक**

आवेदक/भवन स्वामी द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 12(2) छ0ग0 भाड़ा नियंत्रण अधिनियम 2011 वास्ते किराया परिसर को रिक्त कराने हेतु इस न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 07/अ-90 वर्ष 2023-2024 संस्थित की गई है। अनावेदक यतीस पाल आ. श्री डी.पी. जाटव, निवासी-म.नं. 390, वार्ड नंबर 8 हरनाबांधा के पास, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के पते पर सूचना जारी की गई थी, किन्तु अनावेदक/किरायेदार अनुपस्थित रहा। चूंकि अनावेदक/किरायेदार को समक्ष सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किया जाना है।

अतएव इस समंस के जरिये अनावेदक/किरायेदार को सूचना दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 20.02.2026 को कलेक्टर भाड़ा नियंत्रक अधिकारी के न्यायालय में समय 12.00 बजे व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि में अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 30.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**भाड़ा नियंत्रक अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**



**न्यायालय :- प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)**
व्यवहार वाद क्र. 725अ/2025
धारा 13 (1) (1-क) हिन्दू विवाह अधिनियम
आदेशिका क्र. 288/2026
पेशी दिनांक 27.03.2026

## -: नोटिस :-

श्रीमती ओमी चौहान.............................आवेदिका
-:: बनाम ::-
जय कुमार चौहान.................................अनावेदक
प्रति,
जय कुमार चौहान पिता मनसुख लाल चौहान, उम्र 34 वर्ष, निवासी- राजपूत फैब्रिकेशन के पास, सांई नगर, उरला, हाऊस नं. 130/K. वार्ड नं. 56, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.). पिन नं. 491001

आवेदिका श्रीमती ओमी चौहान ने आपके विरूद्ध विवाह विच्छेद की आज्ञाप्ति के द्वारा विवाह के विघटन हेतु इस न्यायालय के समक्ष वाद अन्तर्गत धारा 13 (1) (1-क) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 पेश किया है। अतः इस नोटिस के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से, जो मामले से संबंधित सभी उत्तर देने में सक्षम हो, उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक 27 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें।

यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि 27 मार्च 2026 को अवकाश घोषित होता है, तो मामले की सुनवाई उसके ठीक दूसरे कार्यदिवस में की जायेगी। यह भी सूचित किया जाता है कि नियत तिथि में इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होने की दशा में उक्त वाद में सुनवाई / विचारण आपकी अनुपस्थिति में विधि अनुसार किया जायेगा। आज तारीख 13-02-2026 को इस अदालत की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(श्रीमती हिमांशु जैन)
प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मुहर


### निषाद समाज ने किया मेला महोत्सव का आयोजन



**सेलूद।** बारह पाली निषाद समाज द्वारा ठकुराइन टोला में त्रि-दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व एवं भव्य मेला महोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि, सेवा, संयम एवं सामाजिक समरसता का संदेश देता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन, समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धूमा में शिव-शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**सेलूद।** ग्राम धुमा में तीन दिवसीय भव्य शिव-शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 20 से 22 फरवरी तक किया जा रहा है। पहले दिन 20 फरवरी को अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक कलश यात्रा एवं वेदी पूजा का आयोजन होगा। दूसरे दिन 21 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक शिव अधिवास (धान, चावल, फूल एवं जल) पूजन एवं पाठ का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तीसरे और आखिरी दिन 22 फरवरी को शिवलिंग स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा पूजन तथा महाभोग भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## निधन

### घुरई बाई देशमुख



**अंडा।** ग्राम देवरी (ख) निवासी घुरई बाई देशमुख उम्र 77 वर्ष का निधन 18 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रोहित देशमुख समिति प्रबंधक गुरेदा व छत्रपाल देशमुख की मां थीं।

### ग्राम पंचायत मुरमुंदा में श्रमिक जोहार चौपाल का आयोजन

# आजीविका से जोड़ने ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान जिले के किसानों को जोड़ा जा रहा रोजगार से

**भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की पहल पर हुआ आयोजन**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मुरमुंदा ग्राम पंचायत में ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार और आजीविका से जोड़ने के उद्देश्य से श्रमिक जोहार चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 100 मजदूरों को 'विकसित भारत गारंटी रोजगार फॉर आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में प्रदेश स्तर के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम का मकसद था कि ग्रामीण मजदूरों को रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी मिले और वे इनसे सीधे जुड़ सकें।

मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश संयोजक बिजेंद्र सिंह और जिला भिलाई के प्रवक्ता प्रेमलाल साहू मौजूद रहे। बिजेंद्र सिंह ने कहा कि मिशन का उद्देश्य गांवों में रोजगार के नए अवसर तैयार करना और स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि यह पहल ग्रामीण युवाओं और श्रमिकों के जीवन में स्थायी बदलाव लाने की दिशा में काम कर रही है। प्रेमलाल साहू ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का आधार गांव और श्रमिक हैं। उनका कहना था कि सरकार की मंशा है कि हर ग्रामीण परिवार को सम्मानजनक रोजगार और स्थायी आय का अवसर मिले। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र सिंह चौहान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कुमन साहू ने किया। इस दौरान मंडल और जनपद स्तर के पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। चौपाल के अंत में उपस्थित मजदूरों ने योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प व्यक्त किया।

## अंचल की खबरें

### विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाए रोचक मॉडल



**अंडा।** स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम स्कूल अंडा दुर्ग के कक्षा 11 वी विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत स्कूल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी लगाया गया। जिसमें भौतिकी के विभिन्न विषय वस्तु पर चलित मॉडल को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर को विद्यालय परिवार ने महान वैज्ञानिक सी वी रमन के रमन प्रभाव की खोज की याद में विज्ञान दिवस के रूप में विज्ञान पर्व मनाया गया। ज्ञात हो कि भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिन 1928 में महान भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की याद में मनाया जाता है, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यह प्रदर्शनी सुमन मिश्रा के निर्देशन में हुआ। विद्यार्थियों ने भौतिकी विषय के अलग -अलग विषय वस्तु से संबंधित विभिन्न चलित मॉडल का वीडियो के द्वारा अटल टिंकरिंग लैब मे प्रेजेंटेशन दिया। इस प्रेजेंटेशन कार्यक्रम में शाला की प्राचार्य सीमा जामबुलकर, वी.पद्मावती, अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी रेणुका चंद्राकर,सुमन मिश्रा, ममता वर्मा, सीमा शर्मा, स्वाति कोठारी, विभा दुबे, आर. देवघरे आदि उपस्थित थे।

### रायगढ़ के युवाओं ने देखा भिलाई का मैत्रीबाग



**उतई।** माय भारत दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 9 से 13 फरवरी तक तुलसी पैलेस धनोरा दुर्ग में अंतरजिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। माय भारत दुर्ग उप-निदेशक नितिन शर्मा ने बताया युवाओं को जिले व राज्य की संस्कृति, कला, सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व क्षमता एवं व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित थी जिसमें रायगढ़ जिले के 37 युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को कौशल प्रशिक्षण, नेतृत्व क्षमता विकास, कला एवं साहित्य, साइबर अपराध से बचाव, स्वास्थ्य जागरूकता, मनोविज्ञान एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण एवं जनाकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कातरो सरपंच व मास्टर ट्रेनर जीतेन्द्र सोनी द्वारा कैपिसिटी बिल्डिंग एवं युवा नेतृत्व, व्यक्तिगत विकास विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। रायगढ़ जिले से आए प्रतिभागियों के लिए दो दिवसीय फील्ड विजिट अंतर्गत रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय व भिलाई स्थित मैत्री बाग का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति सम्मान पुरस्कार से सम्मानित एवं ढोला मारु लोक गायिका रजनी रजक एवं सुरेंद्र रजक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में अकाउंटेंट आरती मिश्रा, ऑफिस असिस्टेंट आशीष मालिक, कार्यालय स्टाफ तथा स्वयंसेवकों यशवंत टंडन, योगेश साहू, उमेंद्र, गौरव श्रीवास सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट



**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

# सचिव का विरोध, पदभार नहीं देने मांग उठाई पंचायत प्रतिनिधियों ने




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

ग्राम पंचायत पतोरा से स्थानांतरित किए गए पंचायत सचिव महेंद्र साहू को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पतोरा में विरोध के बाद उनका तबादला पहंड़ोर ग्राम पंचायत में किया गया, लेकिन यहां भी ग्रामीणों ने उनके प्रभार लेने से पहले ही विरोध शुरू कर दिया है।

■ ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में गंभीरता से विचार करते हुए उनकी मांग पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की

जानकारी के अनुसार, पतोरा ग्राम पंचायत में पदस्थ रहते हुए महेंद्र साहू के खिलाफ ग्रामीणों ने नाराजगी जताई थी और पंचायत में तालाबंदी तक की चेतावनी दी थी। इसके बाद प्रशासन ने उनका स्थानांतरण पहंड़ोर ग्राम पंचायत में कर दिया। अब पहंड़ोर के ग्रामीणों ने भी महेंद्र साहू का विरोध करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों की मांग है कि वर्तमान में कार्यरत सचिव को ही यथावत रखा जाए और महेंद्र साहू को पंचायत में पदभार ग्रहण करने की अनुमति न दी जाए। ग्राम पंचायत की सरपंच माया गजेंद्र मढ़रिया सहित पंचों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि महेंद्र साहू जहां-जहां पदस्थ रहे हैं, वहां वे विवादों में घिरे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के सुचारू संचालन और विकास कार्यों की निरंतरता के लिए ऐसे सचिव की आवश्यकता है, जो पारदर्शी और विवादमुक्त कार्यशैली अपनाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में गंभीरता से विचार करते हुए उनकी मांग पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। जिला पंचायत को ज्ञापन सौंपने वालो में गायत्री वर्मा, रेखा यादव, सरिता, पद्मा, अनिता, मुन्नी बाई, रोहिणी बाई, हेमलता, ललिता, मधु, मालती और रोहित सहित अन्य पंच और ग्रामीण शामिल है।

### स्वदेशी शिल्प महोत्सव की अवधि बढ़ाई गई




**भिलाई।** नगर वासियों के भारी डिमांड पर स्वदेशी शिल्प महोत्सव वेलेक्स ग्राउंड कला मंदिर के सामने भिलाई की अवधि 15 मार्च तक के लिए बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनी में ऊनी कपड़ों पर एक तरफ जहां भारी छूट दी जा रही है, वहीं एक से बढ़कर एक नयाब कलेक्शन गर्मी के लिए शानदार फैशनेबल एवं सूती कपड़ों की विशाल रेंज की बिल्कुल नई स्टॉक आ गई है। प्रदर्शनी में पूर्व की भांति क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा सभी स्टालों पर उपलब्ध है तथा प्रदर्शनी का समय पूर्ववत है। प्रदर्शनी में फैशनेबल एवं ट्रेडिशनल से लेकर सूती कपड़ो एवं साड़ियों की काफी रेंज है। संस्था की तरफ से इसमें 10 से 20% तक की विशेष छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी संचालक अनुराग मिश्रा ने बताया है कि यह छूट सीमित समय के लिए है। अधिक से अधिक संख्या में लोग आए और अवसर का लाभ उठाएं।

### सुमंत महराज जयंती का आयोजन 22 को


**जामुल।** क्षेत्रीय ग्रामीण महासंघ सूत सारथी समाज जामुल के तत्वाधान में नगर पालिका जामुल वार्ड 10 सुभाष नगर जामुल में श्री सुमंत महराज जयंती का आयोजन 22 फरवरी रविवार को किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक अहिवारा राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छ.ग. शासन.होंगे। अध्यक्षता ईश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि रेखराम बंछोर प्रभारी रायपुर सम्भाग किसान मोर्चा, एवं विशिष्ट अतिथि रामप्यारी वर्मा पार्षद वार्ड क्रं. 10, चंद्र प्रकाश मंडले प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा और प्रशांत बंटी गुप्ता अध्यक्ष भाजपा मंडल जामुल होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष दुर्ग जिला ग्रामीण महासंघ सूत सारथी समाज अध्यक्ष अनिल सारथी ने दी।

### सस्वर मानस गान प्रतियोगिता में जुटे ग्रामीण



**सेलूद।** ग्राम बटंग में आयोजित दो-दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में सहभागिता को उन्होंने अपने लिए अत्यंत सौभाग्यपूर्ण एवं परम आनंददायक बताया, क्योंकि ग्राम बटंग उनका गृह ग्राम है वही पावन भूमि जहाँ से जीवन के संस्कार, सपने और संकल्प जन्म लेते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलम चंद्राकर ने की। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य घनश्याम कौशिक, राजेश चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि गैंदू राम वर्मा, सरपंच महेश्वरी वर्मा, उपसरपंच सहित कोमल वर्मा, तोरण साहू, शंभु बैरागी, अशोक निषाद, भरत वर्मा, अशोक वर्मा, शिशुपाल ठाकुर, सहदेव निषाद, पुनाराम निषाद, अशोक पटेल, मिथिलेश बरछिहा सहित ग्राम एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड के स्टूडेंट का जेईई मेंस में अच्छा प्रदर्शन



**भिलाई।** आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड कृष्णा टॉकीज रोड रिसाली के स्टूडेंट का जेईई मेंस वर्ष 2026 में अच्छा प्रदर्शन रहा। विविध मौर्या ने नीट का विद्यार्थी है। मौर्या ने जेईई मेन्स की भी परीक्षा दी है। इस छात्र ने फिजिक्स में 99.64 और केमेस्ट्री में 99.25 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। कुल 98.46 पर्सेंटाइल लिया है। अक्शांत त्रिपाठी ने 97.93 , मेहुल ने 95.75, अरूण अग्रवाल ने 94.50 और एस प्रसाद एसटी वर्ग से 86.69 पर्सेंटाइल हासिल किया है। आईआईटी मेडिकल वर्ल्ड इंस्टीट्यूट के संस्थापक शैलेन्द्र तिवारी तथा जितेन्द्र तिवारी ने छात्रों की मेहनत तथा लगन को सफलता का श्रेय दिया तथा बताया कि यहां प्रत्येक स्टूडेन्ट पर समान रूप से ध्यान दिया जाता है। 9वीं से लेकर 11वीं तक एडमिशन शुरू हो गए हैं।

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा पक्षकार श्री रामदयाल चन्द्राकर पिता स्व. श्री भुवन लाल चन्द्राकर उम्र करीबन 78 वर्ष, निवासी-नारायण निवास, मोतीपारा, दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अपनी स्वअर्जित आय से ग्राम-भीकुड़िया, तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में भूमि खसरा नम्बर-396 एवं 399 रकबा क्रमशः 0.24 हेक्टेयर, 0.94 हेक्टेयर कुल-1.18 हेक्टेयर भूमि अपने पुत्र डॉ. शशांक चन्द्राकर के नाम पर क्रय कर पंजीयन कराया है एवं खसरा नम्बर-400, 403 रकबा 0.22 हेक्टेयर, 0.73 हेक्टेयर कुल-0.95 हेक्टेयर भूमि अपनी पत्नी चित्रलेखा चन्द्राकर के नाम से क्रय कर पंजीयन कराया है। इन सभी भूमि में हमारे पक्षकार का कब्जा है। इसी प्रकार से दुर्ग पद्मनाभपुर स्थित मकान एम.आई.जी.-740, पुलगाँव रोड, डी-मार्ट के सामने, पुराना भारती कृषि महाविद्यालय के बाजू में स्थित खुली जमीन लगभग 1.50 एकड़ एवं महाराजा चौक, दुर्ग गणपति सेल्स के बाजू में स्थित तीन मंजिला व्यावसायिक भवन है जिसमें प्रेमवश एवं सद्भावनापूर्वक अपनी पत्नी के नाम क्रय किया है एवं बनवाया है। उक्त के अलावा जामगाँव-आर में 'ओम फ्यूल' के नाम से पुत्र शशांक चन्द्राकर के नाम पर स्वयं व्यय कर पेट्रोल पंप स्थापित कर स्वयं संचालित कर रहा है। अभी कुछ समय से पत्नी श्रीमती चित्रलेखा चन्द्राकर एवं पुत्र डॉ. शशांक चन्द्राकर दोनों माँ-बेटा के व्यवहार में परिवर्तन आ गया तथा दोनों हमारे पक्षकार को खाना-पीना देना बंद कर प्रतिदिन विवाद कर दुर्व्यवहार करते हुये पेट्रोल पंप संचालन से संबंधी बैंक चेक के कार्य एवं संचालन में बल एवं दुर्भावनापूर्वक रोक लगाकर पेट्रोल पंप बंद कराने के प्रयास में है। इसी प्रकार से दोनों माँ-बेटा मिलकर दैनिक उपयोग के शौचालय एवं अन्य घरू निस्तारी में व्यवधान उत्पन्न कर गाली-गलौच कर हमारे पक्षकार की हत्या करने के प्रयास में है। इस संबंध में पुलिस रिपोर्ट की है, न्यायालय में प्रकरण चल रहा है। अभी हमारा पक्षकार आँख का ऑपरेशन कराया किन्तु उक्त दोनों माँ-बेटा का कोई सहयोग नहीं है बल्कि अत्यधिक मानसिक प्रताड़ना दे रहे है। यह सोच है कि रामदयाल चन्द्राकर की मृत्यु हो जावे या अंधा हो जावे। हमारे पक्षकार को यह पता चला है कि उक्त वर्णित जमीन मकान जिसे रामदयाल चन्द्राकर द्वारा अपनी स्वयं की आय से क्रय किया है तथा वह स्वयं काबिज है। पत्नी एवं पुत्र मात्र औपचारिक नाममात्र स्वामी है उनके द्वारा उपरोक्त वर्णित मकान, भूमि को किसी व्यक्ति या संस्था को चुपचाप अवैधानिक रूप से छल-कपटपूर्वक विक्रय अंतरण करने के फिराक में है जो पूर्ण रूप से अवैधानिक है उन्हें कोई अधिकार विक्रय करने का नहीं है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है। उक्त वर्णित भूमि, मकान का पेट्रोल पंप का असली स्वामी एवं आधिपत्यधारी हमारा पक्षकार रामदयाल चन्द्राकर है उसमें शशांक चन्द्राकर एवं चित्रलेखा चन्द्राकर का कोई हक अधिकार नहीं है। अभी कुछ दिन पहले उक्त भूमि का मूल का दस्तावेज को धोखा देकर चुपचाप घर की आलमारी से निकाल लिये हैं। ऐसी स्थिति में उक्त सभी भूमि, मकान, व्यावसायिक भवन को कोई व्यक्ति संस्था क्रय-विक्रय हमारे पक्षकार की बिना अनुमति एवं सहमति के ना करें। इसके बाद भी कोई व्यक्ति क्रय-विक्रय करता है तो वह नाजायज माना जावेगा उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। इसी के साथ उपरोक्त पत्नी श्रीमती चित्रलेखा चन्द्राकर एवं पुत्र शशांक चन्द्राकर को अपनी सम्पत्ति एवं जीवन से बेदखल करता है। इन दोनों का मेरी सम्पत्ति में कोई हक, अधिकार नहीं रहेगा। यह आम सूचना खेद के साथ बहुत ही दुःखी मन एवं अफसोस के साथ जारी किया जाता है।

अतः उपरोक्त आम जनता की सूचनार्थ जारी है।
उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण सूचित हो।

भवदीय
लखन लाल शर्मा (वरि. अधिवक्ता)
के. के. तिवारी (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो.: 98261 74307

### धान का कटोरा कहलाने के बावजूद आम जनता तरस रही चांवल के लिए : अशोक



**पाटन।** पाटन ब्लॉक के अधिकतर ग्रामों में पीडीएस चांवल सही समय में आबंटन नहीं हो पा रहा है।विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने भाजपा के ट्रिपल इंजन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा पहले छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता था,लेकिन भाजपा के राज में आज गरीब चांवल के दाने के लिए तड़प रहे है। उन्होंने प्रत्येक महीने आबंटन होने वाले पीडीएस चांवल एवं अन्य राशन सामग्री के वितरण में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि एक समय तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में करोना जैसे महामारी के बाद भी हितग्राहियों को एडवांस में तीन महीने का राशन प्रदाय किया जाता था।

उन्होंने वर्तमान शासन प्रशासन को बड़े लोगों की मदद करने वाला एवं गरीब मजदूर, किसान, युवा, महिलाओं को ठगने वाला बतलाया। वर्तमान समय में धान का कटोरा ना रहकर,शराब, अवैध खनन, जल, जंगल,जमीन जैसे संसाधनों को बेचकर पूरे छत्तीसगढ़ को बेचने में आतुर है। पाटन विधानसभा के अधिकतर राशन दुकानों में समय पर राशन वितरण नहीं किया जा रहा है।

### धनोरा महावीर उद्यान में गूंजा हर-हर महादेव



**अंडा।** ग्राम धनोरा महावीर उद्यान में भगवान भोलेनाथ की आरती की गई और हवन पूजा अर्चना कर फिर खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। जो कि महावीर उद्यान से प्रारंभ नगर के विभिन्न हिस्सों में पहुंची। यह जानकारी दरबार प्रतिनिधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

### आरोग्यम अस्पताल में नपुंसकता का अत्याधुनिक इलाज



**दुर्ग।** पुरुष स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया है कि छत्तीसगढ़ में यह ऐसा एकमात्र अस्पताल है जहां अत्याधुनिक अमेरिकन पेनाइल इंप्लांट की सुविधा उपलब्ध है। खास बात यह है कि यहां अन्य राज्यों की तुलना में कम लागत में उत्कृष्ट और विश्वस्तरीय हेल्थकेयर सेवा प्रदान की जा रही है। इस कारण न केवल प्रदेशभर से बल्कि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और अन्य राज्यों से भी मरीज रेफर होकर उपचार के लिए आरोग्यम पहुंच रहे हैं। दिल्ली के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. गौतम बंगा और डॉ. नवीन राम दारुका ने बताया कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, तनाव और अस्वस्थ जीवनशैली के कारण इरेक्टाइल डिसफंक्शन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन आधुनिक सर्जरी और इंप्लांट तकनीक से इसका सफल इलाज संभव है। विशेषज्ञों ने यूरिथ्रल स्ट्रिक्चर पेशाब की नली में सिकुड़न के बारे में बताया कि यह समस्या अक्सर संक्रमण, चोट या पूर्व सर्जरी के कारण उत्पन्न होती है। इसमें पेशाब करने में अत्यधिक कठिनाई, बार-बार संक्रमण, दर्द और मूत्र रुकने जैसी जटिलताएं हो सकती हैं। समय पर उपचार न मिलने पर यह किडनी तक को प्रभावित कर सकती है। लेजर सर्जरी, एंडोस्कोपिक प्रक्रिया और रिकंस्ट्रक्टिव माइक्रो-सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीकों से अब इसका सुरक्षित और प्रभावी इलाज किया जा रहा है।




# जब महिलाएं दिन में महफूज नहीं तो नाइट शिफ्ट में कौन लेगा सुरक्षा की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई। केंद्र सरकार के नए श्रम कोड के लागू होने से मजदूरों के अधिकारों पर कुठाराघात सहित महिला कर्मियों के रात्रि पाली में ड्यूटी करने के कानून को लेकर औद्योगिक नगरी भिलाई में श्रमिक वर्ग में असंतोष और विरोध का माहौल है। श्रमिक संगठनों ने महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए इस महिला विरोधी कोड को वापस लेने की मांग की है, ऐसा नहीं करने पर संघर्ष तेज करने की चेतावनी दी है। सीटू यूनियन ने कहा है कि जब सरकार दिन में ही महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर पा रही है, तब तब नाइट शिफ्ट में ड्यूटी व आने जाने के दौरान क्या यौन उत्पीड़न की घटनाएं नहीं बढ़ेंगी ? फिर जो महिलाएं उद्योगों में नाइट शिफ्ट करने से मना करेंगी, नियोक्ता से उनकी नौकरी व प्रमोशन रोकने केंद्र का खतरा बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने उद्योगों के श्रमिकों के अधिकारों से जुड़े पिछले साठ साल पुराने 32 कानूनों को खत्म कर 4 नए लेबर कोड लागू कर रही है जिसमें महिलाओं की रात्रि पाली ड्यूटी का भी कानून है। श्रम संहिताओं के खिलाफ देश के दस केंद्रीय यूनियनों व फेडरेशनों के आह्वान पर बीएसपी सहित देशभर के 30 करोड कर्मी हड़ताल पर थे। लेकिन सरकार ने 1 अप्रेल से लागू होने वाले लेबर के कोड संशोधन को हड़ताल के दिन ही पारित कर दिया। इसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है। सीटू के मुताबिक सरकार के कॉर्पोरेट मित्र और निजी उद्योगों के मालिक महिलाओं से रात में ड्यूटी करवाना चाहते हैं ताकि महिलाओं के श्रम को रात में भी इस्तेमाल करके अपना मुनाफा दुगना चौगुना कर सके। अभी हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट जैसी चहल पहल वालीजगह में महिलाओं की रात्रि पाली में ड्यूटी होती है । लेकिन उद्योग के अंदर सुरक्षा के मद्देनजर शाम को 6 बजे के बाद से सुबह 6 बजे तक महिलाओं का संयंत्र के अंदर काम करने पर शुरू से रोक है, जिसे मौजूदा सरकार हटाने पर तुली हुई है। महासचिव टी जोगा राव ने बताया कि सरकार दावा करती है कि लिंग भेद को तोड़ते हुए महिलाओं को भी रात्रि पाली में काम करने हेतु समान काम के लिए समान वेतन पक्का करने के लिए यह कानून में प्रावधान किया गया है लेकिन वास्तविकता यह है कि इस कोड से महिलाओं के अधिकार को कुचल दिया जाएगा।

■ सीटू ने कहा कार्पोरेटरों के मुनाफा के लिए लेबर कोड से बढ़ेंगी यौन उत्पीड़न की घटनाएं

## नए श्रम कोड में उद्योगों में महिलाओं को करना होगा रात में काम, सीटू का विरोध

### नियोक्ता रात्रि पाली के लिए करेंगे मजबूर

सीटू की सहायक सचिव सविता मालवीय ने कहा कि यह महिलाओं की आजादी नहीं है बल्कि नियोक्ताओं की आजादी है। सरकार कह रही है कि कि महिलाओं से रात्रि पाली में काम करने के लिए सहमति ली जाएगी । सच्चाई यह है कि रात में ड्यूटी महिलाओं के लिए मजबूरी बनता चली जाएगी। जो महिलाएं नाइट शिफ्ट करने से मना करेंगी, उसे नौकरी या प्रमोशन रोकने का हमेशा खतरा बना रहेगा।सरकार के राज में यौन उत्पीड़न की घटनाएं सबसे ज्यादा बढ़ी हैं। विशाखा कमेटी से महिला कर्मी सुरक्षा का दावा करने वाली जो सरकार दिन में ही महिलाओं को सुरक्षित नहीं रख पाती हैं वह रात्रि पाली में क्या सुरक्षा प्रदान कर पाएगी।



### इस्पात भवन व कार्मिक विभाग में भी महिलाएं करेंगी नाइट ड्यूटी ?

सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने कहा कि यूनियन द्वारा बीएसपी के इस्पात भवन और कार्मिक विभाग की महिलाओं को जागरुक करते हुए बताया गया कि यह कानून केवल निजी मालिकों के लिए नहीं बल्कि जब लागू होगा तो बीएसपी के इस्पात भवन, कार्मिक विभाग व अन्य वह क्षेत्र जहां महिला कर्मी कार्य करती हैं, अछूता नहीं रह पाएगा । पहले तो प्रबंधन कहेगा कि रात्रि पाली के लिए हम महिलाओं की सहमति देने पर ही काम करवा रहे हैं, बाद में प्रमोशन व नौकरी का डर दिखाकर मजबूर किया जाएगा । यूनियन के टी जोगा राव ने कहा कि पहले बीएसपी के विभिन्न पोस्टों में सीआईएसएफ के महिला सिपाही कामगारों को 6 बजे के बाद ड्यूटी नहीं दिया जाता था अब उन महिला सिपाही कामगारों को ना केवल 12 घंटे ड्यूटी करवाया जाता है बल्कि रात को 10 बजे तक पोस्ट संभालते हैं। सीआईएसएफ के महिला सिपाहियों को रात में ड्यूटी लगाना कहा तक उचित है ।

## खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार हाईवा के चालक पर 15 हजार का जुर्माना

**भिलाई।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार और नशे में ड्राइविंग का मामला सामने आया है। यातायात पुलिस की इंटरसेप्टर टीम ने एक लोडेड हाइवा को खतरनाक ढंग से चलाते हुए पकड़ा।
जानकारी के अनुसार पुलिस को 18 फरवरी को रायपुर-दुर्ग नेशनल हाईवे पर पेट्रोलिंग के दौरान सुपेला क्षेत्र के पास एक हाइवा वाहन सीजी 07 सीएफ 6324 तेज गति से लहराते हुए चलता दिखाई दिया। वाहन की रफ्तार और तरीका ऐसा था कि आसपास के वाहन चालकों और राहगीरों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। टीम ने तुरंत पीछा किया और नेहरू नगर गुरुद्वारा चौक के पास वाहन को रोका। जांच के दौरान चालक का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया गया, जिसमें उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। यातायात पुलिस ने चालक के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185 और 184 के तहत मामला दर्ज किया। वाहन जब्त कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए चालक पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

### लक्ष्य 140146 मीट्रिक टन का, अब तक 135396 एमटी चावल जमा हो पाया

# 4750 मीट्रिक टन चावल जमा होने के बाद पिछले साल का लक्ष्य होगा पूरा, राइस मिलरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नागरिक आपूर्ति निगम (नान) ने कस्टम मिलिंग के तहत प्रदेश के जिलों के गोदामों में कितना चावल जमा हुआ है। इसकी रिपोर्ट जारी की है। हाल यह है दुर्ग जिले में पिछले साल यानी वर्ष 2024 -25 के मिलिंग का चावल जमा नहीं हो पाया है। इसलिए चावल जमा करने का लक्ष्य अब तक अधूरा है। राइस मिलरों को कस्टम मिलिंग के तहत वर्ष 2024-25 में 140146 मिट्रीक टन चावल जमा करने का टारगेट दिया गया था लेकिन अब तक 135396 एमटी चावल जमा हो पाया है। जो निर्धारित लक्ष्य का दुर्ग जिले में 96.01% है। मौजूदास्थिति में चावल जमा नहीं करने वाले राईस मिलरों को नोटिस और रिमाइंडर दोनों भेजा गया है।

## लक्ष्य पूरा नहीं होने से पीडीएस के हितग्राहियों को आवंटन में परेशानी



### तीसरी डेड लाइन अब अप्रैल तक तय

राइस मिलर्स को चावल जमा करने सितंबर 2025 तक मौका दिया गया था। जिसके बाद 31 दिसंबर 2025 तक दूसरा डेडलाइन तय हुआ। दोनों डेडलाइन में चावल जमा नहीं होने पर अब तीसरा डेडलाइन अप्रैल 2026 तय की गई है। कई जिलों में दुर्ग जिले की तुलना में में कम तो कई जिलों में ज्यादा मात्रा में चावल जमा हुआ है। केंद्रों में धान खरीदी व उठाव के आधार पर शासन की ओर से चावल जमा करने सीएमआर लक्ष्य तय किया गया है। रोजाना किसी जिले में कम तो किसी जिले में ज्यादा मात्रा में चावल जमा होती है, इस वजह से स्थिति बदलती रहती है।

### 4750 मीट्रिक टन चावल नहीं हुआ अब तक जमा

धान खरीदी के हिसाब से शासन स्तर से लक्ष्य तय करती है। नान के गोदाम में पिछले सीजन में कुल 140146मीट्रिक टन चावल जमा करने सीएमआर लक्ष्य तय हुआ था। अब तक 4750 मीट्रिक टन मिलिंग का चावल दुर्ग जिले के राईस मिलरों ने नहीं किया है। हर साल धान खरीदी के हिसाब से शासन स्तर से लक्ष्य तय किया जाता है। सितंबर तक सीएमआर लक्ष्य अनुरूप चावल जमा करने डेडलाइन तय होता है लेकिन उठाव में देरी की वजह से कस्टम मिलिंग पर असर पड़ता है। केंद्रों में धान खरीदी व उठाव के आधार पर शासन की ओर से चावल जमा करने सीएमआर लक्ष्य तय किया गया है। रोजाना चावल जमा करने राइस मिलर्स के कर्मचारी पहुंच रहे है, इसलिए आंकड़े बढ़ते क्रम पर रहेगा।

### बस्तर में 96% और दंतेवाड़ा में 99% चावल जमा

नान से जारी जिलेवार रिपोर्ट के अनुसार सीएमआर लक्ष्य अनुरुप प्रदेश के बस्तर जिले में 96.94%, दंतेवाड़ा में 99.59%, कांकेर में 97.63%, कोंडागांव में 98.45%, नारायणपुर में 96.06%, सुकमा में 95.24%, बिलासपुर में 98.13%, मुंगेली में 99.65%, रायगढ़ में 99.61%, कवर्धा में 96.54%, बलौदाबाजार में 97.84%, धमतरी में 96.76%, गरियाबंद में 98.76%, महासमुंद में 95.20% कस्टम मिलिंग का चावल जमा हो चुका है। मीलिंग का चावल जमा करने के लिए अधिकारी लगातार रिमाइंडर भी भेज रहे हैं।

### बेमेतरा में 95% व राजनांदगांव में 93% चावल जमा

बेमेतरा जिले में 95.07%, राजनांदगांव में 93.98%,बालोद जिले में 98%, सरगुजा में 94.68%, खैरागढ़-सुईखदान-गण्डई में 91.71%, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 99.12%, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 99.35% चावल नान के गोदाम में राइस मिलर्स जमा कर र र चुके चुके। चुके है। हैं। इसी तरह गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में राइस मिलर्स 99.95%, बीजापुर में 95.98%, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 99.62%, कोरबा में 98.86%, सक्ती में लक्ष्य अनुरुप 97.83% चावल जमा हो चुका है। रायपुर में 98.39%, बलरामपुर में देते 99.73%, जशपुर में 99.70%, कोरिया में 98.12%, सूरजपुर में 98.91%, जांजगीर चांपा में 98.51% चावल जमा हो चुका है।

### रिमाइंडर के लिए नोटिस जारी

राइस मिलरों को पिछले साल का चावल जमा करने के लिए डेड लाइन अप्रैल तक मिल गया है। इसके पहले रिमाइंडर और नोटिस दोनों की दिया जा चुका है। हर रोज चावल जमा हो रहे हैं। इसलिए आंकड़ों में सुधार आ रहा है।

**नीलिमा ठक्कर,** डीएम नान दुर्ग

# निर्माणाधीन कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-3 आयुक्त कुलदीप गुप्ता ने मदर टेरेसा नगर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक सुलभ शौचालयों, निर्माणाधीन नालियों और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जोन आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन कार्यों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का त्वरित लाभ मिल सके।

पावर हाउस रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अंदर और बाहर बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों की प्रतिदिन समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। सर्कुलर मार्केट में निर्माणाधीन नए शौचालय और रविदास नगर सब्जी मंडी स्थित सुलभ इंटरनेशनल में चल रहे कार्य का अवलोकन किया गया। निर्माण एजेंसी को कार्य में गुणवत्ता बरतने और उसे जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान नितेश मेश्राम सहायक अभियंता, दीपक देवांगन उप अभियंता, अशोक देवांगन, बसंत देवांगन सहायक राजस्व अधिकारी, बीरेन्द्र बंजारे जोन स्वास्थ्य अधिकारी, चुड़ामणी यादव स्वच्छता निरीक्षक सहित संबंधित सुपरवाइजर और निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

■ जोन आयुक्त ने किया मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण

# बिजली बिल बकायादारों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के बिजली बिल बकायादारों की अब खैर नहीं है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने बकायादारों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरु हो गया है। कई बकायादारों को नोटिस जारी किए गए हैं वहीं लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के आवासों के बिजली कनेक्शन भी विच्छेद किए गए हैं। बकायादारों पर लाखों रुपए का बिजली बिल बकाया है। बीएसपी के विभागीय आधिकारिक जानकारी के मुताबिक विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, वितरण कंपनी डीआईएससीओएम को बकाया भुगतान की स्थिति में बिजली आपूर्ति काटने का विधिक अधिकार प्राप्त है। नियमों के अनुपालन में कुछ प्रमुख दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उनकी विद्युत आपूर्ति भी विच्छेदित की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में कई डोमेस्टिक व कर्मशियल लोगों का लाखों रुपए बिजली बिल बकाया है। अनेक बकायादार ऐसे हैं, जिनका बिजली बिल 25 हजार से लेकर तीन लाख रुपए तक बकाया है। ऐसे लोगों ने पिछले चार, पांच साल से बिजली बिल नहीं पटाया है। इससे बीएसपी का करोड़ों रुपए का राजस्व अटका हुआ है । इसे देखते हुए विभाग द्वारा बड़े बकायादारों पर नकेल कसना शुरु कर दिया गया है। अनेक बकायादारों को नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं नोटिस के बाद भी देयक जमा नहीं किए जाने पर आधा दर्जन बकायादारों के आवासों के बिजली कनेक्शन काटे गए हैं। बीएसपी टाउनशिप प्रशासन ने सभी संबंधित उपभोक्ताओं से अपने लंबित विद्युत बिलों का जल्द भुगतान करने कहा है।

■ प्रबंधन ने कई को जारी किए नोटिस

### रिटेंशनधारी कर रहे भुगतान

टाउनशिप के सेवानिवृत्त रिटेंशनधारियों द्वारा बिजली बिल जमा किया जा रहा है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा दो माह पूर्व रिटेंशन आवासों का 24 रुपए प्रति वर्गफीट किराया वृद्धि के साथ इस स्कीम को बंद कर दिया गया है । इससे 14 सौ रिटेंशनधारियों में असंतोष है। धरना रैली आदि आंदोलन के बाद भी स्कीम के नए नियम को वापस नही लिया गया है। अनेक रिटेंशनधारियों का भी पिछले कई साल का किराया बकाया है। प्रबंधन ने नोटिस भी जारी किया है। इसके चलते अधिकतर रिटेंशनधारी बिजली बिल विच्छेदन की कार्रवाई से बचने के लिए बिजली बिल जमा कर रहे हैं। रिटेंशनधारी सेवानिवृत्त कार्मिक संघ द्वारा प्रबंधन से रिटेंशन स्कीम को यथावत रखे जाने की मांग की है।

# म्यूल अकाउंट के अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जामुल थाना क्षेत्र में म्यूल खातों के जरिए साइबर ठगी में सहयोग करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई कुरूद स्थित सीसीएम मेडिकल कॉलेज रोड पर की गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुप्ता पीजी मकान के पास कुछ लोग दूसरों के बैंक खातों का दुरुपयोग कर अवैध लेनदेन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मोहम्मद अब्दुला राईन उर्फ अमन उम्र 24 वर्ष अहमद नगर कैंप-2 छावनी भिलाई, हिमांशु पटेल उम्र 31 वर्ष निवासी सेक्टर-1 भिलाई, पुट्टा राकेश बाबू, उम्र 27 वर्ष, निवासी भीमावरम, वेस्ट गोदावरी आंध्र प्रदेश और शुभम स्वाई, उम्र 20 वर्ष, सुंदरगढ़, राउरकेला ओडिशा का निवासी बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 13 बैंक पासबुक, 7 चेकबुक, 18 एटीएम कार्ड, 4 मोबाइल फोन, 12 सिम कार्ड और 5,700 रुपए नगद बरामद किए गए। जब्त खातों को समन्वय पोर्टल पर जांचा गया तो दो पासबुक और एक चेकबुक से जुड़े खातों में केरल, कर्नाटक, बिहार और गुजरात में साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज पाई गई। इससे साफ हुआ कि मामला अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़ा है। पुलिस ने धारा 318(4), 317(2) और 3(5) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा है।



■ कुरूद के सीसीएम मेडिकल कॉलेज रोड पर जामुल पुलिस का छापा




### शॉप्स ज़ोन के कर्मचारियों की पत्नियों ने किया संयंत्र भ्रमण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शॉप्स ज़ोन द्वारा आप भी जानिये कार्यक्रम के तहत शाप्स जोन के 23 बीएसपी कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया गया। मुख्य महाप्रबंधक एचक सचदेव, महाप्रबंधक संजय द्विवेदी, महाप्रबंधक क सुपर्णा, महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक, विभागीय सुरक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश वर्मा सहित मानव संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान उन्हें ब्लास्ट फर्नेस 8, एसएमएस–3, यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल तथा कोक ओवन्स का भ्रमण कराया गया।

## कलेक्टर ने आयोजित दिव्यांगजन शिविर का किया निरीक्षण

# दिव्यांगजनों का नहीं लिख रहे थे पता, कलेक्टर ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गुरुवार को नगर पालिक निगम भिलाई में आयोजित निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण, मूल्यांकन एवं प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पंजी रजिस्टर का अवलोकन किया।

रजिस्टर में हितग्राहियों का पूरा पता दर्ज न होने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारी को कड़ी फटकार लगाई और निर्देशित किया कि सभी प्रविष्टियां पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से दर्ज की जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने सभी टेबलों पर चल रहे पंजीयन कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा व्यवस्था सुचारू और पारदर्शी रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने शिविर में उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा भी की। शिविर में पंजीयन कराने पहुंचे एक हितग्राही के पास सभी आवश्यक दस्तावेज थे, किन्तु मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं होने के कारण उनका पंजीयन नहीं हो पा रहा था। इस पर कलेक्टर ने जिला चिकित्सा अधिकारी को तत्काल मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए, जिससे उनका पंजीयन सुनिश्चित हो सके।



25 वर्ष की एक दिव्यांग युवती, जो चलने में असमर्थ थी और अपनी बहन के साथ रहती थी, ने अपनी आर्थिक स्थिति से अवगत कराया। परिवार में कोई कमाने वाला नहीं था और आय का कोई साधन उपलब्ध नहीं था। युवती ने आजीविका के लिए एक गुमटी प्रदान करने का निवेदन किया। इस पर कलेक्टर ने निगम आयुक्त को एक गुमटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि युवती को रोजगार का अवसर मिल सके।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04

लंबी दिखने की ख्वाहिश पूरी करनी है तो ऐसे पहनें साड़ी

## लाइव इवेंट

### ऑल इंडिया बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता 21 से मुम्बई में



**भिलाई।** यूनिवर्सिटी ऑफ मुम्बई में 21 से 24. जनवरी तक आयोजित ऑल इंडिया बास्केटबॉल पुरूष प्रतियोगिता में भाग लेने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टीम रवाना हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी द्वारा टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, जूता और ड्रेस प्रदान कर अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि बास्केटबॉल पुरूष टीम का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित कराया गया था। बास्केटबॉल पुरूष टीम कोलकाता विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी मैचों में जीत हासिल प्रतियोगिता में विजेता रही, जिसके बाद अब आल इंडिया प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे है। ऑल इंडिया बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग क्षेत्रों से 16 टीमें भाग लेगी, जिसमें से टॉप 8 विजेता टीम खेलों इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करेगे। इस टीम के मैनेजर पी हरिश सेंट थामस महाविद्यालय कैलाश नगर भिलाई और कोच पूर्व बॉस्केबॉल खिलाड़ी आशिष कुमार के मार्गदर्शन में टीम प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, वित्त अधिकारी ममता अवस्थी उपस्थित रहे। टीम में शामिल महिला खिलाड़ियों में शेख अरमान अली सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा, अमित सिंह, निकोलस, प्रणय तिवारी, यश नागेंद्र राय और विशाल सिंह सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा, शिवम दुबे श्री शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी, आयुष्मान सिंह श्री शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी, प्रशांतपति त्रिपाठी श्री शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी, यश साहू सेठ रतनचंद सुराना कॉलेज दुर्ग, नमन नरवाल शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, तुषार श्री शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।



## आज से सीजी बोर्ड की परीक्षा होगी शुरू, समय से पहले पहुंचे सेंटर, कठिन विषय को दें ज्यादा समय

# परिणाम के स्ट्रेस को दूर कर कूल मांइड और सकारात्मक रहकर दें परीक्षा, अपने शिक्षकों से करे डाउट क्लीयर

**भिलाई।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरु हो जाएगी। विद्यार्थी विभिन्न विषयों की तैयारी कर चुके हैं। अब कूल मांइड से परीक्षा देना ही सही परीक्षा परिणाम देगा। एग्जाम सेंटर में समय से पहले पहुंचकर रिलेक्स होकर पेपर पढ़े और एकाग्र मन से उत्तर लिए। परिणाम की चिंता छोड़कर परीक्षा को एंजाय करे। यह बातें व्याख्याता व काउंसिलर डॉ विभा रानी साहू ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने बताया कि 10वीं और 12वीं सीबीएसई के एग्जाम शुरु हो चुके है वहीं आज से सीजी बोर्ड की परीक्षाएं शुरु हो जाएंगी। पिछले कई दिनों से मासिक हेल्पलाइन नंबर के जरिए एक्सपर्ट छात्रों की दुविधाओं को दूर कर रहे हैं। एक्सपर्ट बता रहे हैं कि प्रतिदिन 5 से 6 घंटे की पढ़ाई परीक्षा में बेहतर अंक दिला सकती है। एग्जाम के बीच के दिनों में कठिन विषय को समय दें, ताकि परीक्षा के दिन पढ़ाई का दबाव न बने। शेष दिनों में पहले पेपर की तैयारी करनी चाहिए। कम समय में बेहतर तैयारी के लिए मॉडल पेपर और पिछले वर्ष के प्रश्नपत्र को भी हल किए जा सकते हैं।



### आसान भाषा में समझने का प्रयास करें

कमजोर स्टूडेंट्स कठिन विषय के लिए ब्लूप्रिंट के अनुसार पढ़ाई करें। टॉपिक को याद करने के बजाय उसे समझने का प्रयास करें। गणित को सूत्र के साथ समझें, वहीं अंग्रेजी का लिखकर अभ्यास करें। 80 प्रतिशत तैयारी पेपर के दो दिन पहले पूरी कर लें। बेहतर परिणाम के लिए पहले से बनाई गई समय सारिणी के अनुसार पढ़ाई करनी चाहिए। अंतिम समय में दिमाग पर जोर देने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जरूरी नहीं कि 12 घंटे पढ़ाई करें। अपनी क्षमता के अनुसार पढ़ सकते हैं। पढ़ाई को लेकर तनाव न लें। जो चीजें समझ न आएं, उसे अपने शिक्षक या दोस्तों से समझने का प्रयास करें।

### परीक्षार्थी जोरशोर से तैयारी में जुटे

20 और 21 से 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शुरू हो रही है। इसे देखते हुए परीक्षार्थी जोरशोर से तैयारी में जुट गए हैं। छात्र घरों में पाठक्रम का रिवीजन कर रहे हैं। इस दौरान वे अब इंपाटेंट प्रश्नों की तैयारी को लेकर गाइड व प्रश्न बैंकों को सहारा ले रहे हैं। तैयारी के इस अंतिम दौर में छात्र पूरे फोकस के साथ रिवीजन करने में लगे हैं। पढ़ाई के साथ इस समय जरूरी है कि छात्र तनावमुक्त होकर अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। क्योंकि स्वस्थ शरीर ही बेहतर परीक्षा परिणाम ला सकता है।

### आसान भाषा में समझने का प्रयास करें

कमजोर स्टूडेंट्स कठिन विषय के लिए ब्लूप्रिंट के अनुसार पढ़ाई करें। टॉपिक को याद करने के बजाय उसे समझने का प्रयास करें। गणित को सूत्र के साथ समझें, वहीं अंग्रेजी का लिखकर अभ्यास करें। 80 प्रतिशत तैयारी पेपर के दो दिन पहले पूरी कर लें। बेहतर परिणाम के लिए पहले से बनाई गई समय सारिणी के अनुसार पढ़ाई करनी चाहिए। अंतिम समय में दिमाग पर जोर देने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जरूरी नहीं कि 12 घंटे पढ़ाई करें। अपनी क्षमता के अनुसार पढ़ सकते हैं। पढ़ाई को लेकर तनाव न लें। जो चीजें समझ न आएं, उसे अपने शिक्षक या दोस्तों से समझने का प्रयास करें।

### परीक्षा में हिंदी और अंग्रेजी ही बढ़ाएंगे आपके अंक



बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक में राइटिंग और डायग्राम का ही महत्व होता है। अर्थशास्त्र के सवाल के जवाब बड़े होते हैं। याद करने में समस्या आ रही हो तो उसे अपनी भाषा में समझने का प्रयास करें। समझने के लिए डायग्राम बना सकते हैं। जो स्टूडेंट्स सिलेबस और परीक्षा की तैयारी पूरी कर चुके हैं, वे परीक्षा में साफ अक्षरों में लिखने का अभ्यास करें। हिंदी और अंग्रेजी को सरल समझकर बाद में पढ़ने के लिए न टालें। हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही विषय की अधिक तैयारी करनी चाहिए। यही अंक बढ़ाएंगे। विज्ञान विषय की तैयारी के लिए स्टूडेंट्स प्रयोग विधि को लिखकर तैयारी करें। विज्ञान में पूरे नंबर प्राप्त करने के लिए डायग्राम सहित उत्तर लिखें। जो सवाल पूछा गया है, उसे पहले ही पैराग्राफ में समझाएं। जो विषय समझ नहीं आए, उसे शिक्षक से तुरंत समझ लें। इसके अलावा अभी तक जितना भी पढ़ा जा चुका है, उसे रिवाइज करते हुए चलें। इससे परीक्षा के समय टॉपिक याद रहेंगे।



### तनाव को दूर कर रहे सकारात्मक

शरीर और शांत दिमाग से ही बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। स्कूल की शिक्षिका डॉ विभा रानी साहू ने कहा कि रिवीजन के इस अंतिम दौर में सबसे जरूरी है दिमाग को शांत रखना। विद्यार्थी तनाव रहित होकर सकारात्मक रवैये के साथ कड़ी मेहनत करें और खुद को मोटिवेट करते रहें। आपको अगर तैयारी से संबंधित किसी तरह का तनाव हो रहा है, तो इसके बारे में अपने शिक्षक एवं अभिभावकों से बात जरूर करें।

## लाइव इवेंट

### गुणवत्तापूर्ण विवेचना, समयबद्ध कार्रवाई ही पीड़ित बालकों को त्वरित न्याय दिलाने का आधार




**भिलाई।** दुर्ग जिला पुलिस द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से गुरुवार को सीए बिल्डिंग, सिविक सेंटर भिलाई में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के लिए रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों और विवेचकों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो एक्ट तथा किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित थे।

कार्यक्रम में बाल संरक्षण से जुड़े प्रकरणों में प्राथमिकी पंजीयन, बाल पीड़ितों के बयान की प्रक्रिया, चाइल्ड फ्रेंडली पुलिसिंग के सिद्धांत, किशोर विधि विरुद्ध बालकों के अधिकार, जेजे एक्ट के प्रपत्रों का उपयोग, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुतिकरण, चिकित्सीय परीक्षण, परामर्श एवं पुनर्वास प्रक्रिया संबंधी प्रावधानों पर मार्गदर्शन दिया गया। केस स्टडी के माध्यम से विवेचना में आने वाली व्यवहारिक चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं तथा उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और आवश्यकता होने पर समाज की मुख्यधारा में पुनर्स्थापित करना प्रशासन एवं समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिले की समस्त इकाइयों का संयुक्त प्रशिक्षण होने से आपसी समन्वय एवं सहभागिता में वृद्धि होगी, जिससे किशोर न्याय से संबंधित मामलों की विवेचना एवं न्याय प्रक्रिया और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि बाल संरक्षण से जुड़े प्रत्येक प्रकरण में पुलिस अधिकारियों को संवेदनशीलता, गोपनीयता और विधिक प्रावधानों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण विवेचना, समयबद्ध कार्रवाई और विभिन्न विभागों के साथ समन्वय ही पीड़ित बालकों को त्वरित न्याय दिलाने का आधार है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से पुलिस अधिकारियों की क्षमता में वृद्धि होगी तथा बाल हित सर्वोपरि रखते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड, आरपीएफ, जीआरपी, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल संप्रेक्षण गृह, परिवीक्षा अधिकारी, बाल कल्याण अधिकारी (बालगृह), चाइल्ड हेल्पलाइन, केस वर्कर एवं स्कूल शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ममता देवांगन, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा, महिला थाना स्टाफ, पुलिस लाइन और प्रशिक्षण शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों की सक्रिय एवं समन्वित भूमिका रही।



# बांग्ला रचनाकारों ने किया काव्य पाठ

**भिलाई।** बंगीय साहित्य संस्था' के तत्वावधान में कॉफी विथ साहित्यिक विचार-विमर्श अड्डा-114 में बांग्ला रचनाकारों ने प्रस्तुति दी। स्मृति दत्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए काव्य पाठ में दुलाल समाद्दार, प्रकाश चंद्र मंडल, प्रदीप भट्टाचार्य, पल्लव चटर्जी, आलोक कुमार

- बंगीय साहित्य संस्था का कॉफी विद साहित्यिक विचार-विमर्श अड्डा-114 संपन्न

चंदा, ब्रजेश मल्लिक, वीरेंद्र नाथ सरकार, जीबोन हालदार, कृष्ण चंद्र रॉय, रवींद्रनाथ देवनाथ और रतन सरकार शामिल हुए। संचालन प्रकाशचंद्र मण्डल और आभार व्यक्त प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने किया। उल्लेखनीय है कि बांग्ला भाषा, संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को इस्पात नगरी में 'बंगीय साहित्य संस्था' के माध्यम से साहित्यकारों ने जीवंत रखा है। इस संस्था



की स्थापना 65 वर्ष पूर्व बांग्ला साहित्यकार स्व. शिव व्रत देवानजी और डॉ. भवानी प्रसाद मुखर्जी ने की थी। वर्तमान में संस्था में सभापति बांग्ला की सुप्रसिद्ध कवयित्री बानी चक्रवर्ती, उप सभापति स्मृति दत्त एवं दीपाली दासगुप्त और महासचिव शुभेंदु बागची, उप सचिव प्रकाश चंद्र मण्डल, शंकर रॉय, संरक्षक समरेंद्र विश्वास तथा कोषाध्यक्ष पल्लव चटर्जी हैं। संस्था के द्वारा बांग्ला भाषा में एक साहित्यिक पत्रिका मध्यबलय का नियमित प्रकाशन किया जा रहा है, जिसके संपादक दुलाल समाद्दार हैं।

# हमें जीवन जीने की कला सिखाती है गीता हवन-पूजन कर हुआ भागवत कथा का विश्राम



**भिलाई।** ग्राम बटरेल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा विश्राम के बाद गीता पाठ और हवन-पूजन के साथ समापन हुआ। रांका डोंगरगढ़ वाले कथावाचक पंडित तिलेंद्र महाराज ने गीता का संदेश सुनाया। उन्होंने कहा कि अज्ञानता को दूर करना ही गीता का सार है। श्रीमद् भागवत गीता हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। पंडित तिलेंद्र महाराज ने गीता सुनाते हुए कहा जो झुकता है उसे ज्ञान प्राप्त होता है इसलिए झुकना सीखे। इस दौरान कृष्ण भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा के अंतिम दिन के कार्यक्रम में नकुल आठे, सहदेव आठे, महेंद्र आठे, रेवा आठे, बल्लू आठे, भेष आठे, ऐमन आठे, प्राण आठे, गिरीश साहू, नीलकंठ समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## वैदिक सत्संग समिति का आयोजन महामृत्युंजय महायज्ञ शिव संदेश : सरल रहो

कार्नर न्यूज

# वाणी की मर्यादा जरूरी, पत्थर से लगा घाव समय के साथ भर जाता है पर दूषित वाणी देती है जीवन भर की पीड़ा

**भिलाई।** वैदिक सत्संग समिति द्वारा शिव संदेश विषय पर प्रेरक और विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवद्गीता के श्लोक की व्याख्या और शिव संदेश के के संदर्भ में विपरित परिस्थितयों में भी वाणी की मर्यादा बनाएं रखने पर जोर दिया।

जिसमें मुख्य वक्ता आचार्य डॉ अजय आर्य ने प्रभावशाली उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान मुकेश जैन और पूजा जैन, राजेंद्र अग्रवाल और संयोजक राकेश दुबे उपस्थित थे।

अपने व्याख्यान में आचार्य डॉ. अजय आर्य ने भगवद्गीता के श्लोक की व्याख्या करते हुए कहा कि जैसे वायु रहित स्थान में दीपक की लौ स्थिर रहती है, वैसे ही योगाभ्यास और आत्मसंयम से युक्त व्यक्ति का चित्त भी स्थिर हो जाता है। उन्होंने शिव संदेश को स्पष्ट करते हुए कहा कि जीवन की कटु परिस्थितियों को स्वयं सहन कर भी समाज के लिए अमृत बनना ही सच्ची शिव-भक्ति है। आचार्य ने वाणी की मर्यादा पर विशेष बल देते हुए कहा कि पत्थर से लगा घाव समय के साथ भर जाता है, किंतु वाणी से दिया गया घाव जीवन भर पीड़ा देता है।





### बोध रात्रि क्या है

आर्य समाज एवं दयानंद के अनुयायी शिवरात्रि को बोध रात्रि के नाम से मनाते हैं। आज से 188 वर्ष पूर्व महर्षि दयानंद सरस्वती ने जब चूहे को शिवलिंग पर उत्पात मचाते हुए देखा था, तब उन्होंने सच्चे शिव की खोज करने का संकल्प लिया था। उन्होंने ईश्वर को सच्चिदानंद स्वरूप निराकार, सर्वशक्तिमान, दयालु, अजन्मा, अनंत, निर्विकार, अनादि, अनुपम और व्यापक बताया था।

### महादेव बनने के लिए नशे से दूरी जरूरी

आजकल कुछ लोग शिव-भक्त बनने के नाम पर नशे का सहारा लेते हैं, जबकि महादेव बनने के लिए नशा नहीं, बल्कि नशे से दूरी आवश्यक है। उन्होंने ऋषि दयानंद सरस्वती का स्मरण करते हुए कहा कि शिव का अर्थ कल्याण और शंकर का अर्थ कल्याण करने वाला है। सच्चा शिव भक्त समस्या नहीं, बल्कि समाधान होता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो व्यक्ति दूसरों को अमृत पिलाने के लिए स्वयं विष पीने को तैयार रहता है, वही वास्तव में महादेव के मार्ग पर चलता है। आज लोग स्वयं को शांत कहते हैं, लेकिन मोबाइल की घंटी बजते ही उनकी तपस्या भंग हो जाती है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने जीवन में 17 बार विष पिया। किंतु कभी कोई शिकायत नहीं की। उन्होंने अपने जीवन को मानवता के लिए समर्पित कर दिया था। महर्षि दयानंद ने कहा था कि धर्म का अर्थ है सत्य और प्रकाश। हमें आर्य समाज के इस संदेश को स्वीकार करना चाहिए कि सत्य के ग्रहण करने और आसक्ति के छोड़ने में सर्वप्रथम उद्यत रहना चाहिए। कार्यक्रम में देवेश कुमार साह, विजय लाहोटी, आनंद प्रकाश अग्रवाल, निर्मल आर्य, अरुण बाजपेयी, रेखा दुबे, विजय पठानिया, संजय शुक्ल, कमल कुमार गोयल, विजय उत्तमानी, गोपाल अग्रवाल, रवि राम सिन्हा, महेंद्र, प्रो. कल्याण सिंह, विनीत शर्मा, अनुपम ढोढ़, अनुपम ढोढ़ सुपुत्र मुकेश जैन, पूजा रानी जैन, मल्लखम्ब वर्मा, राधेलाल साह, रवि डडसेना, श्यामली चौड़ा, आनंदिनी, सविता आर्य, प्रभारिनी प्रज्वलित आर्य, नन्द कुमार आर्य, राजकुमार श्रीवास सहित अनेक सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# उपभोक्ताओं ने जानी आधुनिक बिजली प्रबंधन की खूबियां



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा के तहत उपभोक्ताओं को सुविधाओं से अवगत कराने जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। वैशालीनगर जोन में एकता चौक, लोहिया रोड और कोहका जोन के मंगल बाजार, पुरानी बस्ती में शिविर लगाए गए। इसमें बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की उपयोगिता, सटीक बिलिंग प्रक्रिया और बिजली खपत से संबंधित जानकारी दी गई। दोनों ही स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का मंचन कर स्मार्ट मीटर के लाभों को सरल और मनोरंजक तरीके से लोगों तक पहुंचाया गया। शिविर में उपभोक्ताओं को मोर बिजली ऐप डाउनलोड करवाया गया, ताकि वे अपने मोबाइल पर ही हर आधे घंटे की वास्तविक समय में बिजली खपत की निगरानी कर सकें। शिवर में वैशाली नगर जोन से 32 और कोहका जोन से 35 उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर को लेकर अपना सकारात्मक फीडबैक दर्ज कराया। इस अवसर पर नगर संभाग पश्चिम भिलाई के कार्यपालन अभियंता नवीन राठी, गीता ठाकुर, सीमा बघेल, माया भारती, अजय कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

- **सीएसपीडीसीएल ने वैशालीनगर और कोहका में शिविर लगाकर लोगों को दी जानकारी**

## समाज लाइव

# हमारी संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है आदिवासी समाज



**भिलाई।** ग्राम कैशोखेरी टिपानगढ़ विकासखंड छुरिया में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना कर उनके अदम्य साहस, त्याग और जनजातीय अस्मिता के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान को नमन किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक जानों का सम्मान भी किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नेता थे, जिन्होंने अपने जीवन को आदिवासी समाज के उत्थान और स्वाभिमान के लिए समर्पित कर दिया। उनकी जयंती पर हम उनके अदम्य साहस और त्याग को याद करते हैं और उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। सरगुजा प्राधिकरण और बस्तर प्राधिकरण के माध्यम से अंचल में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। तेंदू पत्ता संग्रहण करने वाले परिवारों को चरण पादुका योजना के तहत निःशुल्क जूते-चप्पल प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। विधायक चंद्राकर ने कहा कि आदिवासी समाज हमारी संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारी सरकार उनके अधिकारों उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध है मैं इस अवसर पर सभी से आग्रह करता हूं कि वे आदिवासी समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर काम करें और उनके सपनों को पूरा करने में मदद करें। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा एमडी ठाकुर, आमगांव-देवरी महाराष्ट्र के विधायक संजय पुरम, किरण वैष्णव, संजय सिन्हा, प्रशांत ठाकुर, अनिता मंडावी सहित आदिवासी गोंड समाज व ग्रामवासी उपस्थित थे।

- **विधायक ललित ने ग्राम कैशोखेरी टिपानगढ़ में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण**

## सिटी इवेंट

# अल्पसंख्यकों के अधिकारों की जानकारी देने चलाया जाएगा जागरुकता अभियान



**दुर्ग।** जिले सहित प्रदेश के अल्पसंख्यकों को उनके अधिकार की जानकारी देने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। शांतिमय वातावरण निर्माण व प्रतिभाओं के प्रोत्साहित करने की दिशा में काम किया जाएगा। इसे लेकर हंसराज नवयुवक मंडल के जयवर्धन गजभिए ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना के मार्गदर्शन में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा से मुलाकात की। इस दौरान दुर्ग शहर में भी अल्पसंख्यकों के लिए जागरुकता कार्यक्रम निर्धारित किए जाने की मांग की गई। इस पर अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने शासन के दिशा-निर्देशानुसार हर संभव सहयोग करने आश्वासन प्रदान किया।

## शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कॉलेज, दुर्ग में वार्षिक खेलकूद दिवस आयोजित

# अध्ययन के साथ शारीरिक गतिविधियां भी जरूरी, कैरम, मटका फोड़, टेबल टेनिस और डॉल बॉल प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में वार्षिक क्रीडा दिवस मनाया गया। इस दौरान कैरम में 10 टीमें, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में 75, मटका फोड़ में 55, टेबल टेनिस सिंगल व डबल और डॉल बॉल प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। खेल उत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेने के प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि अध्ययन के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियां भी अति आवश्यक है।

वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता की शुरुआत कैरम एकल से किया गया, जिसने कुल 22 खिलाड़ी हिस्सा लिया। कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संतोषी दीप, द्वितीय दीप्ति ठाकुर, तृतीय ममता लहरे ने प्राप्त किया। कैरम युगल में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम स्थान आयुषी, टीशा, द्वितीय मुस्कान, संतोषी दीप और तृतीय ममता लहरे और धनेशवरी साहू ने प्राप्त किया।



**कुर्सी स्पर्धा दौड़ में लड़कियों ने मारी बाजी**





### विभिन्न प्रतियोंगिताओं में रहे विजेता

प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण का केन्द्र कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रही। जिसमें 75 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कुर्सी दौड़ में प्रथम चांदनी साहू, द्वितीय दीपाली डहरिया और तृतीय डॉली देशमुख रही। मटका फोड़ प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 55 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मटका फोड़ में प्रथम स्थान पर तृप्ति ठाकुर, द्वितीय आयुषी सिंह और श्रृंखला देवांगन तृतीय स्थान पर रही। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रथम पायल साहू, द्वितीय गीतिका सिन्हा और तृतीय स्थान पर श्रेया वर्मा विजेता रही। टेबल टेनिस युगल में प्रथम गीतिका और पायल की जोड़ी, द्वितीय स्थान पर श्रेया और मीनाक्षी वैष्णव और तृतीय स्थान पर अवनी राजपूत व निश्कृति चन्द्राकर की जोड़ी विजेता रही। इस दौरान डॉल बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया। डॉल बॉल प्रतियोगिता में प्रथम मां दुर्गा समूह के खिलाड़ी हीना पारकर, वेनुका, वर्षा, भूमिका, पूजा देवांगन, शालिनी, ईमन, द्वितीय शिवशक्ति समूह दीप्ति ठाकुर, धनेश्वरी, चंचल, ममता, टीशा, तेजस्वनी और तृतीय स्थान कल्पना दत्त समूह की टीम ने प्राप्त किया, इस टीम में जागृति कुमेटी, चंचल यादव, प्रेमा ढीमर, आर्या अवस्थी, भावना बंजारे, मुस्कान साहू, झरना साहू ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता का संचालन क्रीडाधिकारी डॉ ऋतु दुबे के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ व्ही के वासनिक, डॉ मंजूलता साव, वंदना बंजारे, डॉ मुक्ता बाखला, डॉ मिलिन्द अमृतफले, डॉ दीपक ठाकुर, तृप्ति खरे, कविता वैष्णव, वैभवशंकर सोनी, डॉ कमलेश चेलक, जुनैद अहमद, खुशबू साहू, डॉ तोषिना तैलग, डॉ सुमन सिंह, श्रद्धा वर्मा, प्रियंका बारला, अरविन्द लोखण्डे, सीमा कालरा, डॉ पद्मारानी, डॉ दीपक कश्यप, शाश्वत तिवारी, रामदास यादव और ओमसिंह ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।

## युवाओं में खासा उत्साह...

# शहर के 100 युवाओं का जत्था भगवान जगन्नाथ के दर्शन को पुरी हुआ रवाना




**दुर्ग।** शहर के 100 से ज्यादा युवाओं का जत्था गुरुवार को भगवान जगन्नाथ के दर्शन को पुरी के लिए रवाना हुआ।

बीजेपी के जिला प्रवक्ता एवं युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष नितेश साहू के नेतृत्व में यह दल भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए रवाना हुआ है। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना की यह अनूठी पहल है। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा युवाओं में आध्यात्मिक जागरूकता, सांस्कृतिक मूल्यों एवं राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। नितेश साहू ने कहा कि आज के दौर में जहां अधिकांश युवा अवकाश के अवसर पर पर्यटन स्थलों जैसे गोवा की ओर आकर्षित होते हैं, ऐसे माहौल में धर्म और संस्कृति की ओर युवाओं को प्रेरित करना एक सराहनीय एवं सकारात्मक पहल मानी जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से युवाओं को भारतीय सनातन परंपरा, आस्था और आध्यात्मिक जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर अवसर पर भाजपा प्रवक्ता राजा खोखर, बाबा भट्ट, कांतिलाल जैन, मनोज अग्रवाल एवं अमर भोई दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचकर युवाओं को शुभकामनाएं दीं तथा सफल यात्रा की कामना की।

**आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना की अनूठी पहल**

### शहर की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति के लिए यह यात्रा

नितेश साहू ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र सेवा की भावना से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पुरी धाम में भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन कर सभी युवा प्रदेश एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति की कामना करेंगे। रवानगी के अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में उत्साह, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष माहौल देखने को मिला।)

## महासमिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# पुलिस विभाग की तरह आधार बेस्ड उपस्थिति से स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगी छूट



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की महासमिति की बैठक प्रधान कार्यालय रायपुर में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर विचार विमर्श करते हुए शासन-प्रशासन तक इन मांगों को पूरा करवाने भेजने एंव संगठन को मजबूत करने निर्णय लिया गया।

संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि यह बैठक प्रांताध्यक्ष अनिल पांडेय और संगठन के संरक्षक सलाहकार व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंपेक्स ओ पी शर्मा की मौजूदगी में हुई। जिसमें सभी जिलों में पुलिस विभाग के भांति स्वास्थ्य कर्मचारियों को आधार बेस्ड उपस्थिति से मुक्त रखने की मांग रखी गई। सैय्यद असलम ने कहा कि पुलिस विभाग की भांति स्वास्थ्य कर्मचारी भी आपातकालीन सेवाओं के अंतर्गत आते हैं जिससे कर्मचारियों को निर्धारित समय के बाद भी कार्य करना पड़ता है। शासन की ओर से जारी आधार बेस्ड उपस्थिति एप में कार्यालयीन दिवस 5 दिवसीय रखा गया है। बैठक में संघ ने निर्णय लिया है कि शासन को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा कर स्वास्थ्य कर्मचारियों को पुलिस विभाग के भांति आधार बेस्ड उपस्थित से मुक्त रखने अपील की जाएगी। महासमिति की बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारी की वेतन विसंगति करने, सभी कैडरों की पदोन्नति समय अवधि देने, जीवन दीप समिति कर्मचारियों को नियमित करने, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी को नियमित करने और एन एच एम कर्मचारियों को नियमित व स्थानांतरण नीति बनाने व विभिन्न कैडरों के स्वास्थ्य कर्मचारियों को समयमान वेतनमान और एरियर का भुगतान करने, प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा उपलब्ध कराने, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी का वार्षिक अधिवेशन कराने व छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ को मजबूत बनाने सदस्यता अभियान चलाने व आजीवन सदस्य बनाने सभी जिला अध्यक्षों व संभागीय अध्यक्ष व प्रांतीय पदाधिकारी ने विचार व मांग पर निर्णय लिया गया। बैठक मे सभी जिलो के अध्यक्ष, सचिव, संभागीय अध्यक्ष व सचिव पदाधिकारी व प्रांतीय पदाधिकारी विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजक व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्तों की समीक्षा बैठक

# स्कॉउटिंग को गति देने मेम्बरशिप ग्रोथ पर करें फोकस देश में छग की एक क्रियाशील छवि बनाने पर हुई चर्चा

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की समीक्षा बैठक छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्यालय रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें राज्य मुख्य आयुक्त ने मेम्बरशिप ग्रोथ पर जोर दिया गया साथ ही टीम वर्क के साथ स्काउटिंग को गुणवत्तापूर्ण तरीके से गति देने और देश में छत्तीसगढ़ की एक क्रियाशील छवि बनाने पर चर्चा की गई। ऑनलाइन यूथ मैनेजमेंट सिस्टम पर प्राथमिकता के साथ फोकस करने जोर दिया गया। जिला संगठन आयुक्तों के साथ आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने की। बैठक में विशेष रूप से राज्य कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन की उपस्थिति रही। जिलों के कामकाज को लेकर निर्धारित एजेंडा अनुसार वन- टू- वन समीक्षा की गई। जिला संगठन आयुक्तों ने एक- एक कर शैक्षणिक सत्र 2024-25 और 2025- 26 में अर्जित अंशदान की जानकारी दी।



### शैक्षणिक सत्र में बेसिक कोर्स के लिए कार्ययोजना बनाने पर दिया जोर

राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने शत प्रतिशत शासकीय विद्यालयों से अंशदान जमा करवाने को कहा। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों से भी अंशदान जमा करवाने निर्देशित किया गया। अधिक से अधिक निजी विद्यालयों को कवर करने कहा गया। राज्य मुख्य आयुक्त ने जिला संगठन आयुक्तों से ऑनलाइन यूथ मैनेजमेंट सिस्टम पर प्राथमिकता के साथ फोकस करने कहा। ओ.वाई.एम.एस.के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर या आईटी के जानकार लीडर्स एवं रोवर्स, रेंजर्स का सहयोग लेने कहा गया। जिलों में सक्रिय लीडर्स की जानकारी ली गई। सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में बेसिक कोर्स की स्थिति, बेसिक कोर्स पश्चात कितनी यूनिट प्रारंभ की गई इसको लेकर जिला संगठन आयुक्तों से चर्चा की गई। नए शैक्षणिक सत्र में बेसिक कोर्स के लिए कार्ययोजना बनाने कहा गया। जिला वार्षिक कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन की स्थिति, डिसट्रिक्ट मेम्बरशिप ग्रोथ स्ट्रेटजी तथा जिले का मेम्बरशिप ग्रोथ लक्ष्य, डिसट्रिक्ट डैशबोर्ड, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविर व कार्यक्रमों में सहभागिता की स्थिति, सत्र 2024- 25 एवं 2025- 26 में जिले के आय व्यय की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

### कार्यों और समस्याओं की ली जानकारी

19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा बालोद में आयोजित हुई प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी में सहभागिता को लेकर समीक्षा की गई। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत खालसा ने कमजोर प्रदर्शन करने वाले कुछ जिलों को कामकाज में सुधार लाने की हिदायत दी। श्री खालसा ने जिला संगठन आयुक्तों से कामकाज में आ रही दिक्कतों और समस्याओं की जानकारी ली और उसे दूर करने को कहा गया।

### टीम वर्क के साथ करें स्काउटिंग



राज्य मुख्य आयुक्त ने कहा कि टीम वर्क के साथ स्काउटिंग को गुणवत्तापूर्ण तरीके से गति देना है और देश में छतीसगढ़ की एक क्रियाशील छवि बनानी है। बैठक का संचालन प्रभारी राज्य सचिव सरिता पाण्डेय ने किया। बैठक में सयुंक्त राज्य सचिव बीना यादव, स्टेट कॉर्डिनेटर मेम्बरशिप ग्रोथ मोहम्मद सादिक़ शेख़, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अमित क्षत्रिय, राज्य संगठन आयुक्त डाक्टर पूनम साहू, जलवती साहू की प्रमुख रूप जिसमें जिला संगठन आयुक्त जिला दुर्ग से बालक दास राऊत उपस्थिति रही।

## हेल्थ टिप्स

### बीपी के मरीजों को रोज-रोज दवा खाने से मिलेगी राहत



ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए सिर्फ दवाइयों पर निर्भर रहना काफी नहीं है। सबसे पहले डाइट में बदलाव जरूरी है। नमक का सेवन कम करें, क्योंकि ज्यादा सोडियम बीपी बढ़ाता है। नियमित फिजिकल एक्टिविटी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाती है।

हाई ब्लड प्रेशर दुनियाभर में तेजी से बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, इसका खतरा समय के साथ बढ़ता ही जा रहा है। विश्व स्वास्थ संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में दुनियाभर में 30-79 साल की उम्र के 1.4 बिलियन (140 करोड़) वयस्कों को हाइपरटेंशन की समस्या थी। ये आंकड़ा इस आयु वाले कुल लोगों का करीब 33% है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों में भी हाइपरटेंशन की दिक्कत बढ़ती जा रही है, जो कम उम्र में ही उन्हें कई प्रकार की क्रॉनिक बीमारियों का शिकार बनाने वाली हो सकती है।

हाइपरटेंशन के शिकार मरीजों को डॉक्टर नियमित रूप से दवा लेते रहने की सलाह देते हैं, ताकि उन्हें ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण होने वाली समस्याओं जैसे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, किडनी और आंखों की दिक्कतों से बचाया जा सके। मरीजों को जीवनभर ये दवाएं लेनी पड़ सकती हैं। ऐसे लोगों के लिए बड़ी राहत वाली खबर है। वैज्ञानिकों की टीम ने ऐसा तरीका ढूंढ लिया है जिसकी मदद से बिना दवाओं के भी आप ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रख सकते है। शोधकर्ताओं ने बीपी की दवाओं का विकल्प तलाश लिया है।

#### बिना दवाओं के कंट्रोल हो सकेगा ब्लड प्रेशर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, दशकों से हर



दिन बिना गैप किए एक गोली खाते रहने को हाई बीपी का सबसे प्रभावी इलाज माना जाता रहा है। मरीजों को बीपी की दवाओं पर पूरी तरह निर्भर हो जाना पड़ता है। हालांकि अब ऐसे लोगों के लिए राहत वाली खबर सामने आ रही है। शोधकर्ताओं की टीम ने एक हालिया रिपोर्ट में बताया है कि जल्द ही रोजाना बिना दवा लिए भी आप ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रख पाएंगे। इसके लिए विकल्प के तौर पर एक इंजेक्शन की काफी चर्चा है, जिसे गोलियों की जगह साल में सिर्फ दो बार लेने से आप बीपी को कंट्रोल में रख पाएंगे। जिलेबेसिरन नाम के इस इंजेक्शन को विशेषज्ञ भविष्य के लिए काफी असरदार उपाय के तौर पर देख रहे हैं।

#### हाइपरटेंशन और कई गंभीर समस्याओं का कम होगा खतरा



द लैंसेट जर्नल में इस इंजेक्शन से बीपी को मरीजों को होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस खोज से हाइपरटेंशन को मैनेज करने का तरीका पूरी तरह बदल सकता है, खासकर ऐसे समय में जब दशकों से मौजूद दवाओं के बावजूद हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की संख्या दुनियाभर में बढ़ती ही जा रही है। माना जा रहा है कि जिलेबेसिरन इंजेक्शन लंबे समय तक हाइपरटेंशन को कंट्रोल में रखने में मददगार हो सकती है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक के साथ किडनी-आंख की समस्याओं के खतरे को कम करने में भी मदद मिल सकती है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को अगर बेहतर तरीके से कंट्रोल कर लिया जाए तो इसके कारण होने वाली बीमारियों का बोझ भी स्वास्थ्य सेवाओं से कम किया जा सकता है।

#### कैसे काम करेगा ये इंजेक्शन?

इस इंजेक्शन को लेकर साझा की गई जानकारियों के मुताबिक फिलहाल ये अपने लेट-स्टेज ग्लोबल ट्रायल में हैं। साल में दो बार लगने वाले इस इंजेक्शन से हाई बीपी को आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। रोश और एल्नीलम फार्मास्यूटिकल्स द्वारा विकसित जिलेबेसिरन इंजेक्शन को साल में दो बार लगवाने की जरूरत होगी। इसमें लिवर में एंजियोटेंसिनोजेन के उत्पादन को कम करने के लिए स्मॉल इंटरफेरिंग आरएनए (सिरना) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। एंजियोटेंसिनोजेन एक प्रोटीन है जो ब्लड प्रेशर रेगुलेशन के लिए जरूरी है। एंजियोटेंसिनोजेन के उत्पादन को धीमा करके यह इंजेक्शन करीब छह महीने तक ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रख सकती है।मिड-स्टेज अच्छे नतीजों के बाद अब ये फेज 3 ट्रायल्स में है।

## लगातार हिचकियां आना सामान्य घटनाक्रम नहीं

# लगातार आने वाली हिचकियां देती है आपको संकेत इसकी मूल वजह जानकर हैरान रह जाएंगे आप

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि डायाफ्राम की बार-बार होने वाली ऐंठन या अचानक होने वाली किसी समस्या के कारण आपको हिचकी आती है। डायाफ्राम वो मांसपेशी है जो आपकी छाती को पेट से अलग करती है।

आप भी कभी न कभी हिचकियों से जरूर परेशान रहे होंगे। आमतौर पर मान लिया जाता है कि जब कोई आपको याद कर रहा होता है तो हिचकियां आती हैं, पर क्या इस मान्यता को मेडिकल साइंस भी पुष्टि देता है? या फिर हिचकी आना किसी बीमारी का संकेत है?

आम धारणाओं से इतर हिचकी आने की स्थिति को मेडिकल साइंस एक अलग तरीके से देखता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि डायाफ्राम में बार-बार होने वाली ऐंठन या अचानक होने वाली किसी समस्या के कारण आपको हिचकी आती है। डायाफ्राम वो मांसपेशी है जो आपकी छाती को पेट से अलग करती है और सांस लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आपके डायाफ्राम में ऐंठन के कारण कई बार वोकल कॉर्ड अचानक बंद हो जाते हैं, जिससे ₹हिच₹ ध्वनि उत्पन्न होती है। ये तो इसका एक कारण है ही साथ ही कई बार अधिक भोजन करने,



शराब या कार्बोनेटेड पेय पीने या अचानक किसी उत्तेजना के कारण भी आपको हिचकी आ सकती है। कुछ मामलों में, हिचकी किसी अंतर्निहित चिकित्सा समस्या का संकेत हो सकती है।

### क्यों आती है हिचकी?



ज्यादातर लोगों में हिचकी केवल कुछ मिनटों तक ही रहती है और खुद से ही चली जाती है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं अगर आपको लंबे समय तक हिचकी की दिक्कत बनी रहती है और ये ठीक न हो रही हो तो इस बारे में डॉक्टर से संपर्क जरूर कर लेना चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कई बार ज्यादा मसालेदार या गर्म भोजन करने से पेट में जलन और डायाफ्राम में ऐंठन हो सकती है जिसके कारण भी आपको हिचकी आती है। इसके अलावा अचानक तापमान में परिवर्तन, तनाव या घबराहट, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं भी हिचकी का कारण बन सकती हैं।


### कहीं ये किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो हिचकी आने को



कोई बीमारी नहीं माना जाता है हालांकि कुछ गंभीर स्थितियों में हिचकी को इसका एक लक्षण जरूर देखा गया है इसलिए लंबे समय तक बनी रहने वाली हिचकी को अनदेखा नहीं करना चाहिए।

लंबे समय तक हिचकी आने का एक कारण वेगस या फ्रेनिक तंत्रिकाओं में होने वाली कोई क्षति या जलन की दिक्कत हो सकती है। ये तंत्रिकाएं डायाफ्राम की मांसपेशियों को ठीक रखने के लिए जरूरी मानी जाती हैं। आपकी गर्दन में थायरॉयड ग्रंथि या किसी सिस्ट के कारण तंत्रिकाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिसपर ध्यान देते रहना और इलाज प्राप्त करना जरूरी हो जाता है।



## अपने बाजूओं को मजबूत बनाएं केबल पुश डाउन वर्कआउट से

अपनी बाजुओं को मजबूत करना लोगों का सपना होता है। आर्म्स का साइज बढ़ाने, इन्हें मजबूत और हैवी करने के लिए लोग एक्सरसाइज भी करते हैं। कुछ लोगों को बाइसेप्स और ट्राइसेप्स एक्सरसाइज करना भी पसंद होता है। पर्सनली बात करूं तो मुझे बाइसेप्स की एक्सरसाइज करना बिल्कुल पसंद नहीं है। इसलिए मैं हमेशा ट्राइसेप्स की एक्सरसाइज करना ही पसंद करता हूं। उनसे ही मेरे ट्राइसेप्स का साइज बढ़ गया है। ट्राइसेप्स की कई एक्सरसाइज हैं। जैसे, ट्राइसेप्स ओवरहेड एक्सटेंशन,स्कल क्रशर, टॉवेल पुलअप्स, बेंच डिप्स

इसी तरह ट्राइसेप्स की एक और अच्छी एक्सरसाइज का नाम है केबल पुश डाउन इसे करने से ट्राइसेप्स के मसल्स टोन होते हैं, ऑर्म के पीछे का फैट बर्न होता है और ट्राइसेप्स का शेप भी मिलता है। यहां आपको केबल पुश डाउन वर्कआउट / एक्सरसाइज क्या है, करने का सही तरीका, फायदे, सावधानी और गलतियों के बारे में विस्तार



से जानकारी दी जा रही है।

### केबल पुश डाउन एक्सरसाइज क्या है

ट्राइसेप्स केबल पुश डाउन एक्सरसाइज को पुशडाउन,केबल पुशडाउन, रोप पुशडाउन आदि नाम से भी जानते हैं। ट्राइसेप्स पुशडाउन कंपाउंड मोशन के बजाय एक आइसोलेशन एक्सरसाइज है। यह ट्राइसेप्स को टारगेट करने के लिए अच्छी एक्सरसाइज है। ट्राइसेप्स पुशडाउन एक्सरसाइज ट्राइसेप्स ब्राची मसल्स को टारगेट करती है, जो कि प्राइमरी मसल्स होता है। इसके अलावा यह मसल्स आपके लेट्स (लैटिसिमस डोर्सी), एब्स (रेक्टस एब्डोमिनिस), ऑब्लिक, पेक्स (पेक्टोरलिस मेजर और पेक्टोरलिस माइनर) और ट्रैप्स (ट्रेपीजियस) मसल्स को भी एक्टिव रखती है, जो कि सेकेंडरी मसल्स के रूप में काम करते हैं।



## सी के नायुडु ट्रॉफी के मुकाबले मुफ्त में देख सकेंगे दर्शक



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टुबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुये क्वार्टर फायनल प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त राजस्थान, मुंबई, महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु एवं झारखंड ने भी प्रतियोगिता के क्वार्टर फायनल में स्थान पक्का किया। छत्तीसगढ़ अंडर-23 टीम का क्वार्टर फायनल मैच 21 फरवरी से 24 फरवरी तक रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान के विरुद्ध खेला जाएगा। क्वार्टर फायनल मैच दर्शकों के लिये भी उपलब्ध होगा। इस हेतु रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में गेट नंबर 1 से दर्शक प्रवेश कर मैच का आंनद ले सकेगें। दर्शको का प्रवेश पूर्ण रुप से निःशुल्क होगा।

## शाम ढलते ही करें ये काम, प्रसन्न होंगी मां लक्ष्मी और बढ़ेगी धन की आवक

यदि आप भी मां लक्ष्मी की कृपा पाना चाहते हैं तो शाम ढलने के बाद कुछ कार्य जरूर करें। शास्त्रों में सूर्योदय और सूर्यास्त के समय को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि यह दिन और रात का संधिकाल होता है। इस समय किए गए शुभ कार्य शीघ्र फलदायी माने जाते हैं।

### तुलसी की पूजा

तुलसी के पौधे को बहुत ही शुभ माना जाता है। जिन घरों में नियमित तुलसी की पूजा होती है वहां देवी लक्ष्मी की कृपा रहती है, इसलिए शाम के समय तुलसी की पूजा करें और तुलसी के पेड़ के नीचे दीपक जलाएं। इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होंगी और सुख समृद्धि का आशीर्वाद देंगी।



### कपूर जलाकर पूजा करें

जब शाम ढल रही हो उस समय कपूर जलाकर सभी कमरों में घुमाना चाहिए। साथ ही जलते कपूर को घर के मुख्य द्वार पर रखना चाहिए। इससे घर में जैसी भी नकारात्मक उर्जा होती है चली जाती है और घर में सुख शांति और लक्ष्मी का वास होता है।

## जानिए रोटी और चपाती के बीच का फर्क, दोनों है अलग-अलग

आज भी बहुत से लोगों को रोटी और चपाती के बीच का फर्क नहीं पता। ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह दोनों एक ही है, लेकिन आपको इन दोनों के बीच का अंतर जानना जरूरी है। बहुत से लोगों का यह मानना है कि रोटी को ही अंग्रेजी में चपाती कहा जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि रोटी और चपाती दोनों एक दूसरे से अलग हैं, रोटी को अंग्रेजी में चपाती नहीं कहा जाता है। दिखने में भले ही रोटी और चपाती एक समान दिखते हो, लेकिन इसे बनाने का



तरीका और दोनों के नाम के पीछे खास इतिहास छिपा हुआ है।

### क्या है रोटी और चपाती में अंतर?

बता दें कि रोटी शब्द संस्कृत के रोटिका शब्द से लिया गया है। रोटिका का अर्थ है अनाज को पीसकर तवे पर सेंकी गई गोल चपटी टिकिया। तो चलिए जानते हैं, दोनों के बीच का अंतर...

चपाती बनाने के लिए आटा को गिला गूंथा जाता है। चपाती बनाने के लिए कभी भी चकला या बेलन का उपयोग नहीं किया जाता है, बल्कि दोनों हाथों में नरम लोई लेकर चपाती बनाया जाता है। दोनों हाथों को पीट-पीटकर चपाती को अच्छे से रोटी की तरह पतला किया जाता है और गोल आकार में बनाने के बाद तवे पर सेंक कर गरमा-गरम परोसा जाता है। वहीं इसके विपरीत रोटी का आटा सख्त गूंथा जाता है। सख्त आटा गूंथने के बाद, चकला, बेलन और पलेथन की मदद से बेलकर तवे पर सेंका जाता है। चपाती के मुकाबले रोटी पतली होती है, जो आसानी से तवे और आग में फूल जाती है। बनाने के तरीके को छोड़ दिया जाए तो रोटी और चपाती में खास और कोई अंतर नहीं है। दोनों ही गेहूं के आटे से बनाई जाती है, इसलिए रोटी और चपाती दोनों ही समान रूप से सेहत के लिए फायदेमंद है।

कार्नर न्यूज

## मनोचिकित्सक बता रही हैं बच्चों की इन हरकतों के पीछे की वजह

# स्कूलों में बच्चे करने लगते हैं अजीबो-गरीब व्यवहार इसके पीछे की वजह जरूर जाननी चाहिए आपको

आपने भी अक्सर कई स्थानों पर अचानक से लोगों को बेसुध होकर झूमते देखा होगा, विशेषतौर पर पंडालों या फिर किसी मंदिर में। आमतौर पर इसे भूत-प्रेत के साये के तौर पर मान लिया जाता है, पर क्या वास्तव में ये 'ऊपरी साया' के कारण होने वाली समस्या है या फिर कोई मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कत? ऐसे ही मामलों को लेकर इन दिनों मध्यप्रदेश के शहडोल और उत्तर प्रदेश के कपिलवस्तु जिले का स्कूल काफी चर्चा में हैं। खबरों के मुताबिक स्कूल आते ही प्रांगण में होने वाली दैनिक प्रार्थना के दौरान एक-दूसरे को देख छात्र झूमने और अजीब व्यवहार करने लगते हैं। कपिलवस्तु जिले के स्कूल में बढ़े इस तरह के मामले को देखते हुए स्कूल को अस्थायी रूप से बंद करने तक का निर्णय लेना पड़ा। क्या वास्तव में ये भूत-प्रेत का साया है या फिर कुछ और?

### स्कूली बच्चे हो रहे हैं शिकार

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के माध्यमिक विद्यालय में पिछले कुछ दिनों से स्कूल पहुंचते ही छात्राएं



अजीबो-गरीब हरकत करने लग जाती हैं, बिल्कुल उसी तरह जिसे समाज में 'माता आने' की स्थिति के तौर पर जाना जाता है। स्थानीय प्रशासन ने बताया, मामला अभी संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जा रही है।

ऐसे ही एक अन्य मामले में कपिलवस्तु जिले के एक स्कूल में पहुंचते ही कई छात्र चीखने चिल्लाने लग जाते हैं, कई तो बेहोश भी हो जा रहे हैं। घटनाओं को देखते हुए एहतियातन स्कूल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। खबरों के मुताबिक जब बच्चों का स्कूल में झाड़-फूंक कराया गया तो मामला शांत हो गया। लिहाजा ग्रामीणों ने ये मान लिया कि स्कूल में भूत का साया है। वास्तव में इसके पीछे क्या कारण है? आइए समझते हैं।

### भूत-प्रेत का साया या मानसिक रोग?

स्कूलों में बढ़ते इस तरह के मामले के पीछे क्या कारण है, इसे समझने के लिए भोपाल स्थित मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं, वर्षों से इस तरह के मामले देखे जाते रहे हैं, कभी बच्चे तो कभी महिलाएं किसी विशेष आयोजन पर झमने, चीखने-चिल्लाने लग जाती हैं। इसे माता आने या फिर भूत-प्रेत की समस्या मानकर लोग लंबे समय तक अंधविश्वास के चक्कर में झाड़ फूंक कराते रहते हैं। पर असल में इन घटनाओं का भूत-प्रेत से कोई संबंध नहीं होता है बल्कि ये एक प्रकार का मानसिक रोग है जिसे 'मास हिस्टीरिया' के नाम से जाना जाता है।

हिस्टीरिया शब्द का उपयोग अक्सर भावनात्मक रूप से आवेशित व्यवहार के लिए किया जाता है, जिसमें व्यक्ति नियंत्रण से बाहर लगने लग जाता है। अगर ये घटनाएं एक साथ कई लोगों में होने लगें तो इसे मास हिस्टीरिया की समस्या के तौर पर जाना जाता है।



### मास हिस्टीरिया के बारे में जानिए

मास हिस्टीरिया को मनोचिकित्सा में 'कलेक्टिव ऑब्सेशनल बिहेवियर' के तौर पर भी जाना जाता है। इसमें किसी समूह के लोग बाध्यकारी रूप में डरावना व्यवहार करना शुरू कर देते हैं। ऐसा सिर्फ भारत में ही नही हैं, यूनाइटेड किंगडम सहित कई अन्य देशों में भी इस तरह के मामले रिपोर्ट किए जाते रहे हैं। किंग्स कॉलेज लंदन में प्रो. साइमन वेस्ले कहते हैं, मास हिस्टीरिया सनक, घबराहट और असामान्य स्थितियों का वर्णन करने वाली समस्या है, जिसमें एक व्यक्ति को देखकर साथ के लोग भी अनियंत्रित रूप से व्यवहार करना शुरू कर देते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं के समूह में ये घटनाएं अधिक देखी जाती रही हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## गैंग की 19 साल बाद वापसी, जॉर्ज का खुलासा- साथ लौटेंगे ब्रैड पिट



'ओशन्सर' फिल्मा फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है।

जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज 'ओशंस 12' और 2007 में आई 'ओशंस 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्टर' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है। हाल ही ओटीटी पर 'जे केली' में शानदार अभिनय करने वाले 64 साल के जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी में एक नई फिल्म में वापसी के लिए तैयार हैं। क्लूनी ने यह भी बताया कि नई फिल्म में ओरिजिनल कास्ट फिर से एकसाथ आएगी।

### टॉलीवुड

## 'चेन्नई' सुन शरमाई मृणाल, फिर उड़ी धनुष संग डेटिंग की अफवाह



धनुष और मृणाल ठाकुर के बीच इश्क जैसा कुछ है या नहीं, इसको लेकर कोई पुख्ता जानकारी किसी के पास नहीं है। लेकिन दिलचस्प है कि गाहे-बगाहे इसको लेकर हर बार नए हिंट दिए जाते हैं। अब 'दो दीवाने सहर में' के प्रमोशन के दौरान 'चेन्नई' का जिक्र हुआ, सिद्धांत चुतर्वेदी ने चिढ़ाया और मृणाल शरमा गईं।

मृणाल ठाकुर और धनुष के बीच इश्क की अफवाहों को एक बार फिर हवा लगी है। बीते दिनों दोनों की शादी की अफवाहों ने भी खूब जोर पकड़ा था, लेकिन तब अलग-अलग रिपोर्ट्स में करीबियों के हवाले से दावा किया गया कि ऐसी खबरें फर्जी हैं। लेकिन अब एक बार फिर कुछ ऐसा हुआ है, जिसने फैंस को खिलखिलाने का मौका दिया है। मृणाल ठाकुर इन दिनों सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ अपनी नई फिल्म 'दो दीवाने शहर में' के प्रमोशन में बिजी हैं। एक हालिया इवेंट में सिद्धांत ने मृणाल को उनके 'चेन्नई कनेक्शन' को लेकर चिढ़ाया। इस पर एक्ट्रेस दबी जुबान में शरमाने लगीं। उनका चेहरा गुलाबी पड़ गया। अब सोशल मीडिया पर सब कह रहे हैं कि हो ना हो, धनुष और मृणाल के बीच कुछ तो है। धनुष और मृणाल की डेटिंग की चर्चा बीते साल अगस्त से ही चल रही है। खासकर 'सन ऑफ सरदार 2' के प्रीमियर पर दोनों जिस तरह एक-दूसरे से मिले, उसके बाद इन अफवाहों को खूब पंख लगे। हालांकि, ऐश्विर्या रजनीकांत से तलाकशुदा धनुष के एक करीबी सूत्र के हवाले से साफ किया गया कि एक्टंर दूसरी शादी करने का इरादा बिल्कुल नहीं रखते हैं। यह भी कहा गया कि वह अपने दोनों बेटों की परवरिश पर ध्यान दे रहे हैं। खैर, हाल ही में मृणाल और सिद्धांत अपनी आने वाली फिल्म 'दो दीवाने शहर में' के प्रमोशन के लिए निकले थे।

### भोजपुरी

## 'सास बहू यमराज' का नया गाना रिलीज, आम्रपाली दिखीं 'सासु मां' को खुश करने का जतन करती



आम्रपाली दुबे जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'सास बहू यमराज' में नजर आनेवाली हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। आम्रपाली इसमें अपनी सास को मनाती हुई नजर आ रही हैं जिसमें पारिवारिक रिश्तों की मिठास और तकरार भी है। मेकर्स ने फिल्म का नया गाना 'सासुजी सुनीं' रिलीज कर दिया है। भोजपुरी दर्शकों को ये गाना काफी पसंद आ रहा है। अब वे फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। गाने में सास-बहू के बीच की नोकझोंक को मजेदार अंदाज में दिखाया गया है। आम्रपाली इसमें अपनी सास को मनाती हुई नजर आ रही हैं। गाने का माहौल हल्का-फुल्का और मनोरंजक है, जिसमें पारिवारिक रिश्तों की मिठास और तकरार को बखूबी से दर्शाया गया है।

आम्रपाली ने इस गाने की जानकारी इंस्टाग्राम पर शेयर की है। उन्होंने स्टोरीज सेक्शन पर गाने का पोस्टर शेयर कर लिखा, 'सासुजी सुनीं रिलीज हो चुका है।' इस गाने को अल्का झा ने अपनी मधुर आवाज में गाया है, जबकि इसके लिरिक्स धरम हिंदुस्तानी ने लिखे हैं और ओम झा ने म्यूजिक तैयार किया है। संजय श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित फिल्म के निर्माता रोशन सिंह हैं। इसमें आम्रपाली दुबे और विक्रांत सिंह के अलावा समर्थ चतुर्वेदी, अयाज खान, श्रद्धा नवल, विद्या सिंह, साहिल सिद्दीकी, रितु चौहान और अवधेश मुखिया सहित कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### एआई का असर




2026 में फैशन सिर्फ कपड़ों के बारे में नहीं है। बल्कि यह पहचान, टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबिलिटी और आराम को एक साथ लाना है। एआई में तेज़ी से हो रहे इनोवेशन, बढ़ती पर्यावरणीय जागरूकता और बदलती लाइफस्टाइल की ज़रूरतों के साथ, फैशन ट्रेंड्स अब नए मुद्दों पर असर डालते हैं। यह बताते हैं कि लोग खुद को कैसे एक्सप्रेस करते हैं, स्मार्ट तरीके से शॉपिंग करते हैं और अपनी वैल्यूज़ को अपनी वॉर्डरोब के साथ कैसे जोड़ते हैं। अपडेटेड रहने से लोगों और ब्रांड्स को तेज़ी से बदलते ग्लोबल और इंडियन फैशन इकोसिस्टम में प्रासंगिक बने रहने में मदद मिलती है।

## ग्लिसरीन को ऐसे इस्तेमाल करें तो त्वचा को फायदे ही फायदे



इस मौसम में कभी ठंड तो कभी गर्मी है। बदलते इस मौसम का सीधा प्रभाव लोगों की त्वचा पर पड़ने लगा है। इस बदलते मौसम में अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल आप त्वचा का ध्यान रखने के लिए कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं ग्लिसरीन की, जिसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा काफी ग्लोइंग हो जाएगी।

अगर आप अपने चेहरे पर सीधा ऐसे ही ग्लिसरीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसका ज्यादा कुछ असर देखने को नहीं मिलेगा लेकिन अगर आप कुछ चीजों को इसके साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएंगे तो असर कुछ दिन में दिखने लगेगा। आज के इस लेख में हम आपको ऐसी 5 चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल आप ग्लिसरीन में मिलाकर कर सकते हैं। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं। अगर आपकी त्वचा काफी रूखी है तो ग्लिसरीन में गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा की नमी बरकरार रहेगी और साथ ही में चेहरा भी ग्लो करेगा। अगर आप चेहरे पर होने वाले पिंपल्स के दाग-धब्बों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो मुल्तानी मिट्टी और ग्लिसरीन को मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। इस पैक को कुछ समय चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अगर आप पिगमेंटेशन से परेशान हैं तो ग्लिसरीन के साथ शहद को मिलाकर लगाएं। एक्ने और पिंपल से छुटकारा पाने के लिए भी आप इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप स्किन पर खुजली और लालिमा से परेशान हैं तो ग्लिसरीन में नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा ग्लो करेगा। ग्लिसरीन आपको बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। रोजाना इसके इस्तेमाल से आपको कई फायदे मिलते हैं। ग्लिसरीन का इस्तेमाल करके आप न सिर्फ त्वचा की नमी बरकरार रख सकते हैं बल्कि पिंपल, एक्ने और दाग-धब्बों की समस्या से भी राहत पा सकते हैं।

## लंबी दिखने की ख्वाहिश पूरी करनी है तो ऐसे पहनें साड़ी





साड़ी लुक हर लड़की पर अच्छा लगता है अगर सलीके से साड़ी को पहना गया हो। हालांकि अधिकतर लड़कियां चाह कर भी साड़ी इसलिए नहीं पहनती क्योंकि साड़ी में उनकी हाइट कम लगती है या साड़ी में मोटा लुक आता है। उन्हें लगता है कि साड़ी उनपर अच्छी नहीं लगेगी। इसी वजह से वह साड़ी पहनने में हिचकती हैं। इसके अलावा लड़कियों की ये शिकायत होती है कि साड़ी में उनका लुक मोटा दिखता है। साड़ी में अधिक वजन और चर्बी नजर आने के कारण लड़कियां चाह कर भी साड़ी पहनने से बचती हैं। अगर आप भी साड़ी में खुद की लंबाई कम महसूस करती हैं या साड़ी में अधिक मोटी नजर आती हैं तो जान लीजिए कुछ आसान से स्टाइलिंग टिप्स, जो आपके साड़ी लुक को परफेक्ट बना देंगे। अगर आप फेस्टिवल में साड़ी कैरी करना चाहती हैं और अपने साड़ी लुक में अधिक हाइट या पतला दिखना चाहती हैं तो आजमाएं ये टिप्स।

### साड़ी नाभि के ऊपर से न पहनें



साड़ी पहनते समय ध्यान रखें कि उसे नाभि से थोड़ा नीचे बांधे। नाभि के ऊपर से साड़ी बांधने से आपका लुक थोड़ा मोटा दिखता है। कमर के नीचे का लगभग सबका भाग बराबर ही होता है। इसलिए साड़ी पहनते समय ये आसान सा ट्रिक आपके साड़ी लुक को पतला दिखाने में मदद कर सकता है।

### वर्टिकल लाइन में बनी डिजाइन वाली साड़ी पहनें

साड़ी में हाइट ज्यादा दिखाना चाहती हैं तो ऐसी साड़ियां पहनें जिसमें ऊपर से नीचे लंबी धारी वाली डिजाइन हों, इनमें आपकी हाइट ज्यादा लगती हैं। वहीं अगर साड़ी का डिजाइन चौड़ाई में बनी लाइन वाला हो तो ऐसी साड़ी को पहनने से बचे। इस तरह की साड़ी में आपकी हाइट तो कम लगती ही है, आप अधिक चौड़ी या मोटी भी लगती हैं।

## क्लासी लुक के लिए ऑफिस में पहनें ये खास इयररिंग्स



ऑफिस जाने के लिए जिस तरीके से हम अपने आउटफिट का खास ध्यान रखते हैं वैसे ही हम एक्सेसरीज कौन सी स्टाइल करें। इसके बारे में भी हमेशा सोचते रहते हैं। कई बार ऐसे आउटफिट में ऑफिस में वियर करते हैं जिनके साथ समझ नहीं आता कि कौन से इयररिंग्स को स्टाइल करें ताकि खूबसूरत नजर आएं। ऐसे में आप यहां से इयररिंग्स डिजाइन का ऑप्शन सर्च कर सकती हैं ताकि लुक भी क्लासी लगे और आप इन्हें स्टाइल करके कम्फर्टेबल फील कर सके।


### हार्ट शेप स्टड इयररिंग्स

अगर आपको स्टड इयररिंग्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप हार्ट शेप वाले ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स दिखने में छोटे होते हैं लेकिन पहनने में काफी क्लासी लगते हैं। इसे आप आसानी से ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरीके के डिजाइन और ऑप्शन मिल जाएंगे। इन्हें स्टाइल करना आप इसलिए भी पसंद करेंगी, क्योंकि ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से स्टाइल हो जाते हैं। इसे आप शर्ट पैंट, ड्रेस या फिर जींस टॉप के साथ भी पहन सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 250 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

### हूप्स इयररिंग्स

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के हूप्स इयररिंग्स के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस वियर ड्रेस (ऑफिस में स्टाइल करें ये आउटफिट) के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको स्टोन वर्क हूप्स, सिंपल हूप्स, जिकजैक हूप्स वैगरह जैसे और भी ऑप्शन मिल जाएंगे।

## लिप लाइनर की मदद से आप संवार सकती हैं अपना चेहरा



मेकअप डिफाइन लुक देने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल किया जाता है। अमूमन महिलाएं अपनी लिपस्टिक के कलर के अनुसार लिप लाइनर का यूज करती हैं। हालांकि, लिप लाइनर एक बेहद ही वर्सेटाइल ब्यूटी प्रोडक्ट है और एक ब्यूटी बफ गर्ल अगर चाहे तो इसे अपने मेकअप में कई तरीकों से यूज कर सकती है। एक लिप लाइनर पेंसिल की मदद से आप अपना पूरा फेस मेकअप कर सकती हैं। बस जरूरत है कि आप इसे अलग-अलग तरीकों से यूज करने के तरीके के बारे में जानें। सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट लिप लाइनर को मेकअप में अलग-अलग तरीकों से यूज करने के कुछ अमेजिंग आइडियाज दे रही हैं-

### लिप लाइनर को बनाएं आई लाइनर

अगर आप एक लाइट मेकअप लुक कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में आप अपनी पसंद की लिप लाइनर शेड को बतौर आई लाइनर आइज पर लगा सकती हैं। आप इसे सिंपल लुक में भी अप्लाई कर सकती हैं। इसके अलावा, लिप लाइनर से कई अलग-अलग आईलाइनर लुक भी क्रिएट किए जा सकते हैं। मसलन, आप ब्लैक आईशैडो से आईलैशेज के ठीक उपर एक थिन लाइन बनाएं। अब अपनी पसंद के लिप लाइनर को इसके ठीक उपर लाइनर की तरह लगाएं। अब ब्रश की मदद लिप लाइनर को स्मज कर दें। आप दो से तीन शेड से आईलाइनर लगाया जा सकता है।

### लिप लाइनर को बनाएं आईशैडो

लिप लाइन को बतौर आईशैडो भी यूज किया जा सकता है। इसके लिए आप अपने आउटफिट या लुक के अनुसार लिप लाइनर को सलेक्ट करें। आप अपने आईमेकअप के साथ प्ले करने के लिए दो या तीन कलर के लिप लाइनर को आइज पर अप्लाई करें। इसके बाद, आप आईशैडो ब्रश की मदद से इसे अच्छी तरह ब्लेंड करें और एक स्मूद फिनिश लुक पाएं।




### सिंपल ब्लाउज डिजाइन की जगह कुछ यूनिक डिजाइन ट्राई कीजिए

## स्टाइलिश लुक के लिए साड़ी के साथ ट्राई करें बैक डोरी ब्लाउज डिजाइन, महफिल की बन जाएंगी शान

साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। लेकिन उसके साथ सिर्फ सेम डिजाइन का ब्लाउज पहनकर आप बोर हो गई होंगी। ऐसे में आपका भी मन होता होगा कुछ नए डिजाइन ट्राई करने का। इसके लिए आप डोरी वाले ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ये ब्लाउज भी साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इनकी खास बात ये होती है कि ये सिंपल साड़ी लुक को भी स्टाइलिश बना देते हैं। अगर आपको बैक डोरी वाले ब्लाउज पसंद है तो ये डिजाइन आपको काफी अच्छे लगेंगे।

### डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन

अगर आप एक ही तरह के ब्लाउज डिजाइन पहनकर बोर हो गई हैं तो इस बार ट्राई करें डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन। इस तरीके के ब्लाउज काफी क्लासी लुक देते हैं। इसमें बैक डीप होती है साथ ही ऊपर बाजू के पास और नीचे कमर पर डोरी लगाई जाती है। इससे ब्लाउज और ज्यादा अच्छा लगने लगता है। इसका जो बो नीचे की



तरफ बनाया जाता है वो थोड़ा चौड़ा होता है और ऊपर की डोरी पतली रखी जाती है। इस तरीके के डोरी डिजाइन वाले ब्लाउज सिल्क साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं।

### लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन

बिना डीप रखे अगर आपको अपने ब्लाउज डिजाइन को खूबसूरत दिखाना है तो इसके लिए आप लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज में आपको पीछे के नेकलाइन को डीप नहीं रखना पड़ेगा। बस आपको इसके लिए लेयर डोरी बनानी होगी। इसके लिए आपको एक ट्रायंगल बनाना है फिर दूसरा बनाना है इसके बाद तीसरा ट्राई एंगल बनाकर इसे डोरी के साथ चिपका देना है। ऐसे आपका लेयर डोरी डिजाइन ब्लाउज रेडी हो जाएगा।

### सिंपल डोरी ब्लाउज डिजाइन

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें डीप नेकलाइन वाले ब्लाउज पसंद होते हैं। अगर आप भी इसी तरीके के ब्लाउज (डोरी ब्लाउज डिजाइन आइडिया) को पहनना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप सिंपल डोरी वाले ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें सिंपल नीचे एक डोरी होती है जिसमें ट्रायंगल करके टेस्ल का डिजाइन बना होता है। आप चाहे तो इसमें हैवी वर्क वाले टेस्ल को भी लगवा सकती हैं। ये डिजाइन सबसे ज्यादा अच्छे शिफॉन की साड़ी के साथ लगते हैं। आप चाहे तो इसके साथ पर्ल वाली डोरी भी लगवा सकती हैं।

